# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री


12 एसआईआर को लेकर जागरूकता फैलाना हमारी जिम्मेदारी





13 विशिष्ट योगदान के लिए विभूतियों का हुआ सम्मान





न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में खुर्सीपार थाना पुलिस ने बाइक चालक इमरान के खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट की धारा 184 और 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार खुर्सीपार गेट सिग्नल के पास सड़क हादसे में एलबीएस अटल चौक कैम्प-1 निवासी 23 वर्षीय संदीप ऊर्फ यशकुमार कश्यप पिता स्व. रामअनचल कश्यप की मौत हो गई थी। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पंचनामा के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया था। मर्ग जांच में अपराध धारा 106(1) बीएनएस, 184 एमव्ही एक्ट का अपराध घटित पाये जाने से मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 07 सीवाय 0427 के चालक इमरान के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाल सुधार गृह से भागे सात नाबालिग पकड़ाए

**भिलाई।** पुलगांव स्थित बाल सुधार गृह से एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। 28 नवंबर की रात यहां से 7 नाबालिग बच्चे फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हुई और तलाश शुरू की। कार्रवाई में 4 बच्चों को तुरंत खोज लिया गया, जबकि बाकी 3 को तिल्दा इलाके से पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार इसी संप्रेक्षण गृह से कुछ दिन पहले 3 नवंबर को भी तीन नाबालिग भाग गए थे। जानकारी में सामने आया कि फरार बच्चों में से कुछ हत्या और लूट जैसे गंभीर मामलों में शामिल थे।

### क्रिकेट खेलने गई महिलाओं का बैग पार

**भिलाई।** मनीकम्मा मंदिर के पास गरबा ग्रऊण्ड सेक्टर-7 में क्रिकेट खेलने गई तीन महिलाओं की बैग को किसी ने चोरी कर लिया। भिलाई नगर थाना पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के प्रार्थियां डॉ. मौसमी यादव उम्र 39 ने पुलिस को शिकायत में रविवार को वुमेन क्रिकेट टुर्नामेंट शामिल होने गई थी। उन्होंने बताया कि वर्मा, निकिता वैद्य एवं अन्य के साथ आये थे। वापस आने पर बैग गायब था। जिसमें मोबाइल और चॉबी, एटीएम आदि रखे हुए थे।

## जिला अस्पताल : दुर्ग सहित प्रदेशभर के अस्पतालों के लिए खरीदे गए थे मेडिकल उपकरण

# हमर लैब में मोक्षित कार्पोरेशन के उपकरण हो गए खराब, रीएजेंट भी दूसरी कंपंनी के नहीं लगते, नतीजा 52 तरह के टेस्ट हो गए बंद

देवीलाल साहू ▸▸ भिलाई

जिला अस्पताल के हमर लैब में घोटाले के उपकरण खराब हो गए हैं। जो खराब नहीं हैं और चालू हाल में हैं उनमें दूसरे कंपंनी के रीएजेंट नहीं इस्तेमाल होते। नतीजा इस लैब में 52 तरह के टेस्ट बंद हो गए हैं। लाखों रुपए खर्च कर यह लैब 114 तरह के टेस्ट के लिए स्थापित किया गया था। जिसमें से 102 तरह के टेस्ट हो रहे थे। इसका खामियाजा अब मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। बैक्टीरिया, हार्मोन,थाइराइड, सीबीसी आदि टेस्ट के लिए मरीज निजी लैब में जाने मजबूर हैं। मोक्षित कॉर्पोरेशन और उनसे जुड़ी फर्जी कंपंनियों ने दुर्ग जिला अस्पताल सहित प्रदेशभर के अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरण सप्लाई किया है। जिसकी जांच एबीसी और ईओडब्लयू कर रही हैं।





### जानिए मेडिकल उपकरण सप्लाई का क्या है पूरा मामला

जनवरी 2022 से अक्टूबर 2023 के बीच छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मोक्षित कॉर्पोरेशन और उससे जुड़ी एक फर्जी कंपनी से मिलीभगत कर अरबों रुपये की खरीदारी की। इस घोटाले में अन्य प्रमुख कंपनियों – सीबी कॉर्पोरेशन (दुर्ग), रिकॉर्ड्स एंड मेडिकेयर सिस्टम (पंचकुला), और श्री शारदाइंडस्ट्रीज (रायपुर) के नाम भी शामिल हैं। एबीसी और ईओडब्लयू ने अप्रैल 2024 में इन कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। जिसमें चिकित्सा उपकरणों और अभिकर्मकों की खरीद में भारी अनियमितताएं उजागर की गई थीं। आरोप है कि बिना वास्तविक जरूरत की जांच किए, बड़ी मात्रा में मेडिकल उपकरण खरीदे गए, जिससे राज्य सरकार को करीब 550 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### ये उपकरण हैं खराब और बंद

पार्ट-5 फुल्ली ऑटो हार्मोन मशीन बंद हैं। सीबीसी 3 डी पाट्र्स, ऑटोमेटिक एचबी, एचसी मशीन, ब्लड प्रोफाइल इलेक्ट्रोलाईट मशीन सहित कई टेस्ट की मशीनें खराब हो गई है। सीएसएफ उपकरण रीड की हड्डी से पानी निकालने वाली है यह खराब हो गई है। फेफड़े व पेट से पानी निकालने वाली मशीन बंद है।

### बैक्टीरिया सहित टेस्ट हो गए हैं बंद

दागी मोक्षित कंपनी से जुड़ी कंपंनियों द्वारा सप्लाई उपकरण खराब होने से मरीजों के लीवर फंक्शन, लिपिक प्रोफाइल, रीयल फंक्शनल टेस्ट बंद हो गए हैं। सीआरपी, सीबीसी , यूरिन में ब्लड इंफेक्शन, सीआरपी, आरए फैक्टर सहित कई टेस्ट हैं जो उपकरणों खराब होने से या रीएजेंट आने की वजह से बंद हो गए हैं।

### इस तरह मरीजों की जेबें हो रही ढीली

ब्लड कल्चर, माइक्रो बायोलॉजिकल, हार्मोन और स्पेशल साइटोलॉजी से जुड़ी जांचों के लिए मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। इसके अंतर्गत 42 ऐसहै, जो बाहर यानी निजी लैब में करीब 900 से 1200 रुपए तक होती है। अभी इसके लिए उन्हें खुद खर्च उठाना पड़ रहा है। खासकर गरीब तबके की परेशानी बढ़ गई है।

**ब्लड कल्चर टेस्ट :** कल्चर टेस्ट से बैक्टीरिया, फंगल या फिर वायरस को पहचाना जा सके। निजी लैब में टेस्ट करवाने पर 600 से 900 रुपए लगते हैं। गरीब परेशान होते हैं।

**माइक्रो बायोलॉजिकल टेस्ट :** इस टेस्ट में पस, स्टूल, यूरिन आदि के टेस्ट होते हैं। इस जांच को बाहर से कराने में 400 से 800 रुपए की फीस चुकानी पड़ती है।

**हार्मोन टेस्ट :** इस टेस्ट में एलएच, एफएसएच, फ्लोरेक्टीन, टेस्टोस्टेरॉन, स्ट्रोजन आदि शामिल हैं। निजी लैब में 500 से लेकर 2000 रु लगते हैं।

**स्पेशल साइटोलॉजी टेस्ट :** इस टेस्ट के अंतर्गत वायरल इंफेक्शन रूबेला, टारक्सोप्लाजमा, साइटोमेगेलो, हारपीस सिम्पलेक्स, कैंसर आदि की जांच होनी है। इस तरह के टेस्ट करवाने में निजी लैब में 1000 रुपए से लेकर 3000 रुपए लगते हैं।



### मोक्षित कंपंनी की मशीनें बंद व खराब

हमर लैब में मोक्षित कंपनी व उनसे जुड़ी कंपंनियों के उपकरण खराब हो गए हैं। जो बंद पड़े हैं लेकिन चालू हाल में हैं उनमें दूसरी कंपंनी के रीएजेंट नहीं इस्तेमाल होता। जिसकी वजह से कई टेस्ट बंद हुए हैं लेकिन जरूरी सभी टेस्ट हो रहे हैं। मामले की जांच चल रही है इसलिए इस प्रकरण में उच्च स्तर के निर्देश का इंतजार है।

**-डॉ. एके मिंज,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

## कॉपर वायर चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



▪ एक नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार 52 किलो कॉपर वायर जब्त

पुरानी भिलाई पुलिस ने कॉपर वायर चुराने वाले गिरहों का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों कब्ज से 52 किलो कॉपर वायर जब्त की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेगा गया है। जानकारी के अनुसार बीते 15 नवंबर को अकलोरडीह स्थित हर्ष इंडस्ट्रीज के गोदाम से कॉपर वायर चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने 21 नवंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विडीयो फुटेज चेक करने पर कुछ आज्ञात आरोपियों द्वारा कम्पनी के अंदर प्रवेश कर बिजली की कॉपर वायर को 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चोरी करना पाया गया। थाना पुरानी भिलाई द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पता तलास की जर रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने जोन 1 सेक्टर 11 भिलाई निवासी डी. वेंकटेश (24 वर्ष), सुभाष नगर नंदनी रोड छावनी निवासी डी. विवेक (23 साल), देना बैंक के पीछे छावनी निवासी के. शांता राव (25 साल), गौतम नगर खुर्सीपार निवासी रवि विश्वकर्मा (21 साल) और एक नाबालिग लड़के को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया।

## ट्रेडिंग में निवेश करने नाम पर 48.67 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई/ अहिवारा

### आंध्रप्रदेश में पकड़े गए दो साइबर ठग



साइबर थाना दुर्ग रेंज ने ट्रेडिंग में निवेश करने नाम पर 48.67 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को आंध्रप्रदेश में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के सख्त निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना की टीम ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई है। 9 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही 48,67,500 की ठगी की गई। शिकायत मिलने पर सायबर थाना दुर्ग में अपराध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण के तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर आरोपियों की लोकेशन आंध्रप्रदेश में होने की पुष्टि हुई। एक विशेष पुलिस टीम जिला अनकापल्ली आंध्रप्रदेश रवाना की गई। टीम ने वहां से दो मुख्य आरोपियों पी. सत्यनागा मूर्ति पिता सत्यनारायण मूर्ति, उम्र 25 वर्ष, निवासी पुलापर्थी यालामंचली मंडल जिला अनकापल्ली आंध्रप्रदेश और बालाजी श्रीनू, पिता बालाजी रामू नायडू, उम्र 34 वर्ष, निवासी चिन्ना विधि, तहसील यालामंचली, जिला पुलापर्थी विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक एवं एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर केंद्रीय जेल दुर्ग में रिमांड पर भेजा गया। दुर्ग पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, ऑनलाइन निवेश, फॉरेक्स या ट्रेडिंग के प्रलोभन में बिना सत्यापन के विश्वास न करें। किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या निकटतम सायबर थाना में दें।

## अवैध शराब की तस्करी करते चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



▪ 28 पेटी देशी शराब, टाटा सफारी वाहन जब्त

नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले में अवैध शराब के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 28 पेटी देसी शराब बरामद की गई है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 35 हजार 400 रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धमधा मार्ग से नंदिनी खुंदिनी की तरफ पुरानी टाटा सफारी में शराब की तस्करी की जा रही है। टीम ने तुरंत रेड डाली और वाहन को रोककर तलाशी ली। कार में ग्राम डूमर नंदिनी नगर निवासी नरेश कुर्रे उम्र 38 वर्ष, गिरहोला नंदिनी नगर निवासी लवकेश उर्फ बबलू उम्र 30 वर्ष, ग्राम डूमर नंदिनी नगर निवासी आर्यन कुमार लहरे उम्र 24 वर्ष, वार्ड 4 अहिवारा निवासी प्रभू बारले उम्र 24 वर्ष मौजूद थे। पुलिस ने 28 पेटी शराब के साथ तीन लाख की टाटा सफारी, चार स्मार्टफोन कीमत 25000 रुपये और 15100 रुपये नगद कुल जुमला 4,74,500 रुपए का सामान जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है।

## निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन ना हुई जब्ती, ना रुका काम

# रोक के बावजूद चल रहा था डी-मार्ट की बिल्डिंग का निर्माण हिन्दू युवा मंच ने किया प्रदर्शन, जवाब से बचते दिखे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल के आगे वार्ड 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी में निर्माणाधीन डी मार्ट की बिल्डिंग का निर्माण अव विवादों में पड़ गया है। इसमें निगम के अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध दिख रही है। एक तरह जहां निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निर्माण को रोकने के लिए नोटिस जारी कि है, वहीं भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी सूचना मिलते ही हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने मौके पर जाकर इसका विरोध किया। निगम के अधिकारी के काम रोकने के लिए भी आए, लेकिन निर्माण कार्य उसी तरह चलता रहा।



आपको बता दें कि खसरा क्रमांक 639 के एक भाग में एक प्लॉट दुर्ग निवासी खेमामल मध्यानी का है। उन्होंने इस जमीन पर ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर की व्यवसायिक बिल्डिंग बनाने की अनुज्ञा निगम से ली थी। इसके बाद उन्होंने बिल्डिंग बनाने की जगह जमीन को डी-मार्ट कंपनी को सेल कर दिया। डी-मार्ट कंपनी ने भवन निर्माण कराने की जिम्मेदारी उन्हीं को दी। निगम से जारी अनुज्ञा के मुताबिक प्लाट का क्षेत्रफल 32 हजार वर्ग फिट का है। इसमें लगभग 42 प्रतिशत हिस्से में ही निर्माण करने का परिमशन जारी है। यानि कि 15 हजार वर्ग फिट से भी कम जमीन पर बेसमेंट और तीन माले की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला भिलाई में अनुज्ञा के खिलाफ अवैध निर्माण किया जा रहा है। जब यह खबर हरिभूमि में प्रमुखता से छपी तो निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने इस पर संज्ञान लिया और निर्माण को तत्काल रोकने के लिए नोटिस जारी किया। उन्होंने खेमामल मध्यानी से 3 दिन के भीतर अवैध निर्माण को लेकर जवाब मांगा है। मध्यानी ने जवाब देने और निर्माण को रोकने की जगह निर्माण को और तेजी से शुरू करा दिया। दिन ही नहीं रात के समय भी निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

### जमकर किया गया विरोध प्रदर्शन

जब इसी जानकारी रविवार को हिन्दू युवा मंच को हुई। उनके पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में निर्माणाधीन बिल्डिंग परिसर में पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद साइट इंजीनियर मिश्रा से नोटिस का हवाला देते हुए काम रोकने बात कही। साइट इंजीनियर ने हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बताया कि उन्हें काम बंद करने का कोई आदेश नहीं मिला है। इस पर हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ तीखी बहस शुरू हो गई। वे काम बंद कराने की बात पर अड़े रहे।

### निर्माण रोकने की जगह शो-रूम में घुसे अधिकारी

हंगामे की जानकारी मिलने पर नगर निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा विभाग के सब इंजीनियर दौलत चन्द्राकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने ये तो कहा कि आयुक्त ने काम रोकने का आदेश दिया है, लेकिन काम बंद करवाने के बजाए वे पास में स्थित एक कार शो रूम में घुस गए। करीब आधे घंटे बाद वहां से बाहर निकले और निर्माणाधीन बिल्डिंग की साइट पर पहुंच कर काम बंद करने के निर्देश दिया। हद तो तब हो गई चंद्राकर के निर्देश के बाद भी काम बंद नहीं हुआ और वो बिना कोई कार्रवाई किए वहां से चले गए। हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारियों ने दौलत चन्द्राकर से पूछा कि निर्माण कार्य में रोक के बाद भी किसके अनुमति से कार्य चल रहा था तो इसका जवाब वे नहीं दे पाए।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# हाउसिंग बोर्ड में नालियों तक अतिक्रमण, सफाई ना हो पाने से पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में लोगों ने नालियों के ऊपर तक अपने घरों का निर्माण कर लिया है। इससे वहां समय पर साफ सफाई नहीं हो पा रही है। हालत यह है कि नालियों में गंदगी बजबजा रही है। वहीं रास्ते में घरों के पीछे कचरा डालने से वहां सूअर मंडरा रहे हैं।

हरीभूमि की टीम ने जब वार्ड की परिक्रमा की और लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि वहां नालियों की सफाई काफी समय से नहीं हुई। बिल्डिंग नंबर 1 से 13 तक डी-टाइप क्वार्टरों के पीछे कचरा जमा है। गटर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क में बह रहा है। इससे बदबू लगातार आ रही है। बी और सी-टाइप क्षेत्र का मंजर भी कुछ इसी तरह का मिला। यहां के रहवासियों का कहना है कि नालियां काफी पुरानी हैं। नाली निर्माण जगह जगह से टूट गई हैं। इससे पानी का बहाव रुक गया है। कुछ समय पहले नाली बनाने के लिए सर्वे हुआ, फिर आगे कोई निर्माण के लिए नहीं आया। लोगों का कहना है कि उन्होंने वार्ड के पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों से भी इसकी कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## वार्ड परिक्रमा : सालों से साफ सफाई ना होने से आ रही बदबू, लोगों ने कहा- निगम को बीमारी फैलने का इंतजार

### वालीबाल ग्राउंड को विकसित करने की मांग



हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में सांई मंदिर के पीछे जंगलों से घिरे खुले मैदान को यहां के बच्चों ने मिलकर वॉलीबॉल ग्राउंड का रूप दिया था। स्थानीय बच्चों ने झाड़ियां साफ कर जमीन समतल करते हुए इसे मैदान का स्वरूप दिया। इस मैदान में कई स्पर्धाएं भी हुई। यहां खेलने के लिए दूर-दूर से खिलाड़ी आते थे। यहां के रहने वाले बबलू मांझी ने बताया कि मैदान को बेहतर बनाने और फेंसिंग करवाने की मांग की गई थी। करीब एक साल पहले जनप्रतिनिधियों ने स्थल निरीक्षण तो किया, लेकिन उसके बाद कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी। अगर फेंसिंग और बेसिक सुविधाएं मिल जाएं तो यहां के युवा खिलाड़ियों को बड़ा फायदा होगा।





### शिकायतों के बावजूद साफ सफाई नहीं



हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले रतन दत्ता ने इलाके की बदहाल सफाई व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि ए, बी, सी और डी टाइप मकानों के पीछे सालों से सफाई नहीं हुई। गंदगी जमा है और बदबू से लोग परेशान हैं। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। कीड़े मकोड़े घरों में घुस जाते हैं और बीमारी का खतरा हमेशा बना रहता है। रतन दत्ता के अनुसार कई बार नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई गई, मगर कोई सुधार नहीं हुआ। वार्ड के अलग अलग हिस्सों में कचरे के ढेर दिखाई देते हैं। सुअरों का झुंड कचरे के पास मंडराता रहता है, जिससे संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है।

### होती है समय पर साफ सफाई

सफाई के लिए सभी जगह कर्मचारियों को लगाया गया है। जहां से भी शिकायत मिलती है वहां टीम को भेज कर साफ सफाई कराई जा रही है। लोगों से अपील है कि वो अपने घरों के कचरा बाहर ना डालकर निगम की कचरा गाड़ी में ही डालें।
**-जावेद अली,** स्वास्थ्य अधिकारी, नपानि भिलाई

## खबर संक्षेप



### महापौर ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण

दुर्ग। नगर पालिक निगम की मेयर अलका बाघमार ने शुक्रवार को दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड 60, 19, 20 एवं 21 के विभिन्न मतदान केंद्रों, बूथों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं सुधार कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, अरुण सिंह, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, विजय भनोट और कृष्णा सिंह भी साथ रहे। मेयर ने एक-एक बूथ पर जाकर बीएलओ एवं उपस्थित कर्मचारियों से फॉर्म भरने की वास्तविक स्थिति, लंबित गणना पत्रकों की संख्या और नागरिकों की सहभागिता पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ गणना पत्रक के साथ फॉर्म 6 भी अनिवार्य रूप से प्रदान करें, जिससे नए मतदाताओं, स्थानांतरित मतदाताओं तथा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन करने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेयर श्रीमती बाघमार ने यह भी बताया कि कई नागरिक अभी तक अपने गणना पत्रक जमा नहीं कर पाए हैं।

### शिक्षा विभाग में संविलियन होने के बाद ही खुला प्रमोशन का रास्ता

# जिले के 32 व्याख्याता एलबी सालों बाद बने प्राचार्य, अब उच्च शिक्षकों को इंतजार

**भिलाई।** शिक्षा विभाग में संविलियन होने के बाद व्याख्याता एलबी को पहली बार प्राचार्य पद पर प्रमोशन मिल गया है। दुर्ग जिले के 32 व्याख्याता एलबी प्राचार्य बन गए हैं। इस पद पर शिक्षाकर्मी इतिहास में यह दिन दर्ज हो गया है कि एल बी संवर्ग के साथी प्राचार्य बनकर स्कूलों का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही अब उनकी नजर लंबित लेक्चरर प्रमोशन में हैं। इसलिए कि जो जगह रिक्त हुई है उनमें उच्च शिक्षक एलबी को पदोन्नति दी जानी है।

## शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर शालेय शिक्षक संघ ने माना आभार



### टी और ई संवर्ग में मिली पदोन्नति

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षा विभाग ने व्याख्याता एलबी को प्राचार्य के पद पर टी और ई संवर्ग दोनों में पदोन्नति दी है। यानी अदिम जाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग दोनों के अधीनस्थ पदस्थ व्याख्याता एलबी को प्राचार्य पद पर प्रमोशन दिया गया है। इसके लिए सबसे पहले व्याख्याता की वरिष्ठता सूची का संशोधन किया गया व अपात्र शिक्षकों के नाम हटाये गए,जिससे प्राचार्य पदोन्नति में आ रही बाधाएं समाप्त हुई और ई और टी दोनो संवर्ग पदोन्नत प्राचार्यो की पदस्थापना भी हो गई।यूडीटी और प्राथमिक प्रधान पाठक लेक्चरर प्रमोशन की बाट जोह रहे हैं। प्राचार्य पद पद पदोन्नति से अब इन शिक्षकों का भी रास्ता खुल गया है।

### 12 शिक्षक ऐसे जहां कार्यरत थे वहीं मिल गया उनको प्रमोशन

जारी सूची में 12 व्याख्याता एलबी संवर्ग ऐसे हैं जो अपने ही कार्यरत शालाओं में प्राचार्य बने हैं। जिनमें चंद्रप्रभा रामटेके -मतवारी, रोहित कुमार चंदेल -पेण्ड्रावन, अनिल कुमार गजपाल -थनौद,किरण साहू-जेवरासिरसा, वीणा दुबे -खोपली,कृष्ण कुमार पहरी-घुघुवा, लक्ष्मी धुरंधर-गनियारी, निवेदिता ठाकुर -अमलेश्वर,पन्ना लाल साहू -अहिवारा,माया देवांगन -जरवाय,के.रमेश कुमार -कुरूद,जोगेन्दर सिंह -बालक धमधा ।

### ये व्याख्याता एलबी हुए पदोन्नत

दुर्ग जिले के व्याख्याता एलबी संवर्ग के धर्मावती वर्मा-मंचांदुर, रश्मि वैष्णव -ढ़ौर, गोविंद राम साहू-परसबोड, राजनांदगांव, माधुरी पाल-अहेरी, नवीन कुमार देवांगन -बचेली, बेमेतरा, विनोद कुमार सिन्हा -भैसातरा, राजनांदगांव, नीलिमा तिवारी -कातरो,रानी रानी वानी-देवरी,बालोद,भारती-भरर,संजय कुमार वर्मा -उदयपुर, खैरागढ़, संध्या मिश्रा-शीतलापारा,कांकेर, मिनाक्षी एंन्डूज-पुरदा,उषा चंद्राकर -भनसुली,सविता सतपथी-सुरपा,किरण बारा-खरकेना, बिलासपुर, रश्मि दीक्षित -नंदनीखुंदनी,सोनाली सेन-जामगांव एम, कविता साहू-जामगांव आर,रीतू वर्मा-मलपुरीकला,लीलाम्बर सिंह -धौराकोट, गरियाबंद, की पदस्थापना प्राचार्य पद पर की गई हैं।

### शालेय शिक्षक संघ ने कहा- संघर्ष का मिला परिणाम

शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं महासचिव धर्मेश शर्मा ने व्याख्याता एलबी से प्राचार्य पद पर पदोन्नति को संघर्ष का परिणाम बताया है। उनका कहना है कि अनियमित कर्मचारी से संस्थाप्रमुख बनना गर्व की बात है। संगठन व शिक्षक साथियों का संघर्ष ही सफलता का कारक है। इसलिए टी और ई दोनों संवर्ग में पदोन्नति मिली। ये सफर यही नही रुकेगा अब हमारे साथी इससे ऊपर के पदों पर भी आगे पदोन्नत हो सकेंगे। उन्होने शिक्षामंत्री,शिक्षा सचिव व डीपीआई का आभार व्यक्त करते हुए यह भी मांग की है कि लंबित लेक्चरर प्रमोशन में भी तेजी लाते हुए इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करना चाहिए।

## लोक कर्म प्रभारी ने पेवर ब्लॉक कार्य का किया निरीक्षण, फिनिशिंग पर जताई नाराज़गी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण चंद्रशेखर स्कूल के पास सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य के संदर्भ में किया गया। उनके साथ निगम की उपअभियंता प्रेरणा दुबे एवं कार्य के ठेकेदार शुभ सोनकर भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी ने पेवर ब्लॉक कार्य की फिनिशिंग और स्तर को असंतोषजनक पाया। उन्होंने कई स्थानों पर ब्लॉकों की गलत बिछावट, अनियमित सतह और किनारों पर ढलाई की कमी को तुरंत चिन्हित किया। स्थिति को देखते हुए उन्होंने स्वयं अपने हाथों से माप-जोख कर कार्य की बारीकियों की जाँच की, जिससे मौजूद कर्मचारियों को भी स्पष्ट संदेश गया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। प्रभारी चंद्राकर ने उपअभियंता को निर्देशित करते हुए कहा की पेवर ब्लॉक लगाने से पहले और बाद में दोनों ओर समुचित कंक्रीट ढलाई की जाए। ब्लॉकों को पूरी तरह समतल, मजबूत और एकरूपता के साथ लगाया जाए। कार्यस्थल पर साफ-सफाई, सही लेवलिंग और उचित बेस तैयार करने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जहां भी सुधार की आवश्यकता है उसे तुरंत दुरुस्त कर पुनः कार्य किया जाए।निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने प्रभारी से वार्ड क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। प्रभारी ने आश्वासन दिया कि सभी कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ पूरे किए जाएंगे।

### उपअभियंता को दिया दिए पारदर्शी कार्य का निर्देश

प्रभारी ने मौजूद उपअभियंता प्रेरणा दुबे को कहा कि वे स्थल पर नियमित निगरानी रखें और कार्य की प्रगति तथा गुणवत्ता का निरंतर मूल्यांकन करती रहें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य के हर चरण पर सफाई, तकनीकी मानकों और फिनिशिंग को प्राथमिकता दी जाए।

## जिला स्तरीय समितियों की बैठक, कलेक्टर ने बैंक खातों को सक्रिय कराने दिए निर्देश



**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग जिले की सभी बैंकों में संचालित विभिन्न सेवाओं व योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के शासकीय विभागों से संबंधित 1981 निष्क्रिय बैंक खातों जिनमें लगभग 9 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि लंबित है तथा 1264 डीईएएफ दावा रहित जमा राशि खातों जिनमें लगभग 2 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि संचित है, उन सभी खातों को 30 नवंबर 2025 तक सक्रिय कराने के लिए खाताधारकों से संपर्क सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों को समयावधि में निराकृत कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी बैंक एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, भारतीय रिज़र्व बैंक से दिग्विजय राउत, अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग सहित डीआईसीए मत्स्य पालन, कृषि विभाग, नगर निगम, एनआरएलएम विभाग के अधिकारी एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## एनआईटी की टीम ने मनरेगा एवं पीएम आवास निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक नोडल ऑफिसर डॉ विकास कुमार एवं सहायक प्रोफेसर डॉ चन्दन सिंह द्वारा दुर्ग जिले में जिला पंचायत दुर्ग के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जारी निर्माण एवं विकास कार्यों का स्थल भ्रमण कर मूल्यांकन किया।



निरीक्षण कार्यों में चेक डैम निर्माण ग्राम थनौद में नवीन चेक डैम निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मिट्टी कार्य एवं जल धारण क्षमता का अवलोकन। चेक डैम जीर्णोद्धार थनौद में पूर्व निर्मित संरचना के सुधार, मजबूती और जल संरक्षण क्षमता का परीक्षण। वृक्षारोपण कार्य अंजोरा ख में पौधारोपण की संख्या, जीवितता प्रतिशत एवं संरक्षण उपायों की समीक्षा। गौठान में डबरी निर्माण अंजोरा ख में जल संचयन हेतु डबरी के आकार, सफाई एवं तकनीकी मानकों का निरीक्षण। अमृत सरोवर थनौद में सरोवर की गहराई, तट सुदृढ़ीकरण, जलभराव एवं सौंदर्यीकरण कार्य का परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, तकनीकी पहलुओं तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं को समझते हुए सराहनीय सुझाव प्रदान किए।

## विभागों का प्रदर्शन खराब रहा तो होगा निजीकरण : महापौर बाघमार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में महापौर अलका बाघमार ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और अमले को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बकाया राशि की वसूली में तेजी लाएं और काम को पूरी गंभीरता एवं ईमानदारी से करें अन्यथा विभाग के निजीकरण पर विचार करना मजबूरी बन जाएगा।

**राजस्व टीम को प्राथमिकता तय करने दिए गए निर्देश :** महापौर ने राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव सहित संपूर्ण राजस्व अमले को निर्देशित किया कि बकाया राशि की वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत रखने के लिए राजस्व वसूली में ढीलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**निजीकरण की चेतावनी:** महापौर बाघमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि वसूली का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, तो निगम राजस्व वसूली के कार्य को निजी हाथों में सौंपने पर गंभीरता से विचार करेगा। यह चेतावनी बैठक में मौजूद अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट संदेश था कि भविष्य में ढिलाई नहीं चलेगी।

### महापौर ने कहा- यूजर चार्ज की हो सख्त वसूली

बैठक में महापौर ने यूजर चार्ज की सख्ती से वसूली करने के निर्देश देते हुए बताया कि कई क्षेत्रों में अभी भी अपेक्षित वसूली नहीं हो रही है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जो टैक्स नहीं दे रहे हैं उनके नल काटने और वारंट जारी करने की कार्रवाई शुरू की जाए। महापौर बाघमार ने विभाग को इस वर्ष 100 प्रतिशत वसूली का लक्ष्य देते हुए कहा कि सभी वार्डों में टीम बनाकर विशेष अभियान चलाया जाए।

### मांगलिक भवनों और हॉस्पिटल पर होगी कार्रवाई

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मांगलिक भवनों, निजी हॉस्पिटल से लंबित कर एवं उपयोग शुल्क की वसूली पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए।

## मन की बात के 128वें संस्करण का पोलसायपारा में प्रसारण

# एसआईआर को लेकर जागरुकता फैलाना हमारी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद मन की बात के 128वें संस्करण का सामूहिक श्रवण आयोजन किया गया।

■ लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय उपस्थित रहीं। जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की। मन की बात के प्रमुख बिंदुओं पर बोलते हुए सुश्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद जनभागीदारी, सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जनता के छोटे-छोटे प्रयासों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रेरणा का स्वरूप देते हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव को नई दिशा मिलती है।



### इन्हें किया गया सम्मानित

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने भी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, अनुशासन और जनता से सतत संपर्क बनाए रखने की हिदायत दी। कार्यक्रम के दौरान कुलेश्वर ताम्रकर, बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, भगवंत ओझा, हरि देवांगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक कंडरा, मदन वधई, वरिष्ठ नागरिक दुर्गेश शर्मा, रोहित तिवारी, रामस्वरूप देवांगन को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

### विधायक ललित ने मौहारी मरोदा में सुनी मन की बात

दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मौहारी मरोदा बूथ क्रमांक 211, 212, 213 में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 128 वीं कड़ी को सुना और इसे प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि मन की बात देश की सामूहिक चेतना का उत्सव बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अभिभावक की तरह देश की बातों को देशवासियों के सामने रखते हैं और हर माह राष्ट्र को प्रेरणादायक संदेश देते हैं।विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, जनभागीदारी और उत्कृष्ट प्रयासों को पहचान दिलाते हैं जिससे राष्ट्र निर्माण में लगे समर्पित लोगों को सम्मान प्राप्त होता है। मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, पार्षद ईश्वरी साहू, गैंद लाल साहू, रामकुमार साहू, कृष्णा वर्मा आदि उपस्थित थे।



## बकाएदारों पर निगम की कड़ी कार्रवाई एक ही दिन में कई वार्डों से बड़ी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राजस्व विभाग द्वारा बकाएदारों पर सख्त कार्रवाई और नल कनेक्शन विच्छेदन की चेतावनी का प्रभाव लगातार देखने को मिल रहा है। निगम की विशेष वसूली टीम द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 32, 34 और 35 में अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत कुल 1.65 लाख रुपये से अधिक की राशि निगम कोष में जमा करवाई गई।

■ तीन वार्डों में चलाया गया वसूली अभियान

वार्ड क्रमांक 32 में कैलाश शर्मा, रवि कुमार एवं विमला शर्मा के माध्यम से 1,00,127 रुपये की नगद राशि जमा करवाई गई। वहीं वार्ड 34 सिद्धार्थ नगर क्षेत्र में खोरबाहरा सांडेकर द्वारा बकाया एवं सन हाल टैक्स की पूरी राशि जमा कर दी गई। राजस्व विभाग की टीम की कार्रवाई के दौरान 55,231 रूपए, इसी प्रकार वार्ड 35 में भगवानदीन यादव द्वारा 50,410 रुपये की नगद राशि कर विभाग को सौंपी गई। राजस्व विभाग की टीम द्वारा चलाए जा रहे वसूली अभियान से लगातार बकाया राशि में बढ़ोतरी हो रही है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं पर इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### सुनी मन की बात

**अंडा।** फोटो। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नियमित प्रसारण 'मन की बात' सुनने बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जुटे। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, अजय चौहान, मंडल उपाध्यक्ष बूथ अध्यक्ष तिलक चंद्राकर, यशवंत बंजारे, गोपाल साहू, हेमेंद्र चौहान, पुकेश चंद्राकर, समिति अध्यक्ष,गब्बर साहु महामंत्री और अंडा निकुम मंडल सहित ग्रामीण जन व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वर्मा के साथ कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**पाटन/सेलूद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नियमित प्रसारण ₹मन की बात₹ के 128 वें संस्करण को भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा के साथ भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण , कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों ने सुना। श्री वर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के हर नागरिक की भावनाओं, उम्मीदों और संकल्पों को नई दिशा देने वाला जनप्रेरणा का माध्यम है। भाजपा जिला महामंत्री दिलीप साहू और पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर ने भी प्रसारण को जनोपयोगी बताया। इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष श्री खेमलाल साहू, हरप्रसाद आडिल, टामन साहू, कृष्ण कुमार साहू मंडल महामंत्री, महेश्वर बंछोर, तारेन्द्र बंछोर, केशव बंछोर सहित बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र पदाधिकारी एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निधन

### सुभाष राय



**सेलूद।** ग्राम सेलुद के बजरंग चौक निवासी सुभाष राय का निधन हो गया है। वह कुछ दिनो से अस्वस्थ थे । अंतिम संस्कार सेलूद स्कूल मैदान स्थित मुक्तिधाम में किया गया। युवा व्यवसाईं बल्लू राय के पिता व चिराग राय के दादा जी थे।

### श्रीमती मीना वर्मा



**सेलुद।** पाटन विधानसभा ग्राम औंधी निवासी चुनुराम वर्मा की धर्म पत्नी मीना वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गाँव के मुक्तिधाम में किया गया । इस दुख की घड़ी में महेश वर्मा, राधेश्याम, रामसहाय, कृष्ण कुमार,रमेश, राजकुमार, अविनाश, प्रदीप, मानसिंग, वरुण, पंकज, हेमलाल, भोजू, पुणेन्द्र देव, कुबेर प्रसाद, मुकेश, श्रीकांत, भार्गव, देवांश, भूमि वर्मा परिवार व गाँव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कृष्ण जन्म कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालुगण,जयकारों से गूंजा कथा स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

कोमल देवांगन के परिवार द्वारा बस स्टैंड रानीतराई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन प्रसिद्ध कथावाचक त्रिभुवन पांडे ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। श्री पांडे ने कथा के माध्यम से गजेन्द्र मोक्ष,समुद्र मंथन,वामन अवतार और श्रीराम चरित्र जैसे प्रसंगों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जीवन में धर्म,भक्ति और सत्य के महत्व को समझाया। श्री पांडे ने बताया कि भगवान की भक्ति ही मनुष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाती है। उन्होंने गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग के माध्यम से बताया कि संकट के क्षणों में ईश्वर का स्मरण करने पर भगवान स्वयं रक्षा के लिए उपस्थित होते हैं। समुद्र मंथन की कथा में उन्होंने समझाया



कि जीवन में अच्छाई और बुराई दोनों का अस्तित्व है,परंतु संयम और विवेक से ही अमृत प्राप्त किया जा सकता है। वामन अवतार के प्रसंग में भगवान विष्णु की दानशीलता और विनम्रता का वर्णन किया गया। इसके अतिरिक्त,श्रीराम चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कथा का समापन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के वर्णन के साथ हुआ।इस दौरान पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। कथा श्रवण करने भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर,विष्णु वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

धमधा आगमन पर हुआ स्वागत, अस्पताल की समस्याओं पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे धमधा और देखी तमाम व्यवस्थाएं, संसाधन बढ़ाने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार 29 नवंबर को धमधा पहुंचे, जहाँ भाजपा मंडल ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने धमधा अस्पताल की समस्याओं और सुविधाओं के अभाव से मंत्री को अवगत कराया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संसाधन बढ़ाने की मांग रखी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस



पर गंभीरता दिखाते हुए दुर्ग के सीएमएचओ मनोज दानी से धमधा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि साजा विधायक ईश्वर साहू के क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राथमिकता के साथ बेहतर की जाएँ। मंत्री जायसवाल ने भविष्य में पुनः धमधा आगमन का आश्वासन भी दिया। स्वागत करने वालों में मंडल मंत्री जितेंद्र देवांगन, जित्तू धीवर, दीपक साहू, अश्वनी धीवर, राजा सोनकर तथा मंडल कार्यकारिणी सदस्य रामप्रकाश धीवर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजयुमो ने एसआईआर अभियान में दिखाई सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान तथा भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धमधा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उल्लेखनीय सक्रियता दर्ज कराई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विभिन्न बूथों पर पहुँचकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर रहे हैं और मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अभियान के दौरान भाजयूमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरुणि दानी ने भी कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, बीएलओ के कार्यों तथा सूची में सुधार की स्थिति का विस्तृत



जायजा लिया। अरुणि दानी ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों का नाम सूची में जोड़ा जाए और फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा न रहे। भाजयूमो कार्यकर्ताओं ने घर–घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म–6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म–7 (नाम हटाने) और फॉर्म–8 (सुधार हेतु) के बारे में जानकारी दी तथा आवश्यक दस्तावेज भरवाने में मदद की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अद्यतन और सटीक मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है, इसलिए संगठन बूथ स्तर पर पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। अभियान के दौरान आदर्श शर्मा, तुषार राजपूत, जितेंद्र साहू, अक्षत राजपूत, गिरधारी साहू, तुकेश सोनवानी, डिसेन सिन्हा सहित अनेक भाजयूमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# तहसील साहू संघ ने पीएससी टॉपर देवेश का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम धनोरा निवासी देवेश कुमार साहू पिता होलधर साहू का दुर्ग ग्रामीण तहसील साहू संघ ने सम्मान किया। संघ के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने उनके निवास स्थान गोल्डन चौक धनोरा पहुंचकर उनका गुलदस्ता भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया। साहू संघ के अध्यक्ष पुसउ राम साहू ने नवनियुक्त डिप्टी कलेक्टर देवेश कुमार साहू को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि देवेश की इस उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने देवेश कुमार साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आपकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी तथा आपका योगदान छत्तीसगढ़ के समग्र विकास और सामाजिक न्याय को नई गति देगी। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण तहसील साहू संघ अध्यक्ष पुसउ राम साहू, तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण महासचिव उमाशंकर साहू आदि उपस्थित रहे।



# विशिष्ट योगदान के लिए विभूतियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी का 11 वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह प्रेस क्लब सभागार में संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुम्हारी नगर पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा थीं। अति विशिष्ट अतिथि शशांक शर्मा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी) एवं वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा थे। अतिथियों ने इस आयोजन को सराहा तथा पत्रकारिता के साथ-साथ समाजके लिए विशिष्ट योगदान के लिए कुम्हारी प्रेस क्लब को बधाई दी। आयोजन में इस वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए लता रघुकुमार, कला के क्षेत्र में राजेंद्र साहू, साहित्य के क्षेत्र में मुरारीलाल साव एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने हेतु शैलेन्द्र खरे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने बताया कि विगत 11 वर्षों से यह सिलसिला चलता आ रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं साहित्यकारों सहित नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश वाहने एवं रविन्द्र कुमार थापा ने किया। आभार अजय यादव ने किया।

### ब्राह्मण समाज ने फूंका आईएएस का पुतला

**कुम्हारी।** मध्यप्रदेश के आईएएस ऑफिसर संतोष वर्मा की टिप्पणियों से आहत होकर स्थानीय ब्राह्मण समाज ने स्टेशन चौक में उनका पुतला फूंका। इस दौरान विरोध दर्ज कराने वालों ने मांग की कि अफसर का आई.ए.एस. अवार्ड वापस लिया जाए साथ ही उन पर तत्काल भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 298, 299 एवं धारा 4 स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 153 तथा आई टी. एक्ट सेक्शन 67 के तहत अपराध पंजीबद्ध एवं उन पर कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की जाय, जिससे आने वाले समय में इस प्रकार के सामाजिक विद्वेष फैलाने वालों पर अंकुश लग सके। इस आयोजन को सम्बोधित करने वालों में आर बी मिश्रा, पी एन दुबे, अवधेश शुक्ला, गजेंद्र पाण्डेय, प्रभात मिश्रा, लक्ष्मी, वीरेंद्र सिंह, रवि जैन, सुरेश पाण्डेय, अनिल कुमार शुक्ला, अजय शुक्ला, देव शर्मा, नवीन दुबे, अनुज शुक्ला, मनोज मिश्रा एवं मनोज वर्मा शामिल हैं।

# मीडिया के विद्यार्थियों ने देखा सिनेमा का संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केसरा के विद्यार्थियों ने मनोरंजन जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली जानी। मीडिया एंटरटेनमेंट विषय के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विज़िट के तहत श्रीसिनेमा पाटन में का दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मनोरंजन उद्योग की तकनीकी और प्रायोगिक प्रक्रिया से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कैमरा संचालन, डिजिटल प्रोजेक्शन सिस्टम, साउंड कंट्रोल, लाइटिंग व्यवस्था, फिल्म स्क्रीनिंग प्रक्रिया, तथा सिनेमा प्रबंधन जैसे अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्रों ने इन सभी प्रक्रियाओं को लाइव देखकर व्यावहारिक समझ विकसित की। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में कौशल, रुचि और करियर के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। वहीं, श्री सिनेमा पाटन के प्रबंधक ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे उपयोगी इंडस्ट्रियल विज़िट के लिए संस्था सदैव सहयोग हेतु तत्पर रहेगी। इस कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय परिवार, सिनेमा प्रबंधन एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अमन की उपलब्धि को सराहा लोगों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/ सेलूद

विधानसभा क्षेत्र के देवादा निवासी युवा अमन नायक (पुत्र रूपनारायण 'रूपू) ने सीजीपीएससी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 35वीं रैंक प्राप्त की और अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी पद हासिल किया। इस उपलब्धि पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा उनके निवास स्थान देवादा पहुंचे और हार्दिक शुभकामनाएं दी। जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि अमन नायक की यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है। वे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनका यह सफलता-पथ पाटन क्षेत्र की नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा भरता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खूबचंद वर्मा (आर.आई.), पोषण वर्मा, राजेंद्र वर्मा, केशव बंछोर, खिलेश (वासु) वर्मा, दिलीप वर्मा, मुकेश कुमार, करण वर्मा तथा गांव के अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित थे।

# ओडार सकरी में जारी है धान खरीदी

**अंडा।** सेवा सहकारी समिति ओडारसकरी धान खरीदी केंद्र में सुचारू रूप से धान खरीदी हो रही है। 15 नवंबर से 25 नवंबर तक समिति में 3190.80 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि इस समिति में चार गांव के किसान भाई धान बेचने आते हैं, तो सभी किसान भाईयों के लिए कैमरा,पानी और छाया की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी किसान भाईयों को समिति की



ओर से कहा गया है कि किसान अपना धान को अच्छे से सुखाकर लाये ताकि समिति से धान वापस न हो। किसान रामलाल ठाकुर पिलालाल निर्मलकार, उमेश धनकर, गिरधर ढाल सिंह, भगेश्वर, सुकवारों बाई, नारद निषाद, भागी राम, संतोष कुमार, राधा देवी, गोपाल चक्रधारी और कमलेश चक्रधारी सहित समिति के कर्मचारी व अन्य किसानों ने धान बेचने आये थे।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि



अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट

विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने उठाए सवाल

# आवारा कुत्तों की सूचना देने का काम शिक्षकों से कराया जाना गलत, शासन से जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर राज्य सरकार ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया था। लेकिन सरकार ने स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा निगम को देने का अजीबो गरीब फरमान जारी किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं दुर्ग संभाग के महामंत्री चंचल कुमार द्विवेदी, गोपेन्द्र साहू, देवेंद्र साहू, विक्रम सिंह, मनोज वर्मा ने सरकार से पूछा है कि क्या



स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है ? क्या आवारा कुत्तों की सूचना देने का कार्य शिक्षकों से कराने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। फेडरेशन का कहना है कि अधिकांश स्कूलों बाउंड्रीवाल नहीं है। यदि हैं तो जीर्णोद्धार की स्थिति में है। ऐसे में शाला प्रमुख शिक्षक आवारा कुत्तों की शाला में प्रवेश की रोकथाम हेतु प्रबंध कैसे करेंगे ? आवारा कुत्तों से क्या शिक्षकों को खतरा नहीं है ? बाउंड्रीवाल नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात स्कूलों में होता है।जिसके कारण शालेय वातावरण दूषित होता है। बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। शाला प्रमुख शिक्षक को इसके रोकथाम के लिये जिला प्रशासन एवं जनमानस से सहयोग नहीं मिलता है। अनेक शाला भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। लेकिन शासन-प्रशासन को सूचना रहने के बावजूद प्रबंधन का अभाव है। दुर्घटना होने पर शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की जाती है। उन्होंने बताया कि अनेक शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में बतौर बीएलओ लगाया गया है।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ
शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

BIG BULL ECO FRIENDLY
सेल्स | सर्विस | स्पेयर्स
ई- रिक्शा & ई-लोडर
ई- रिक्शा Prize 1.65 लाख
लीथियम बैटरी के साथ
• पुरानी बैटरी लाएं नयी लीथियम बैटरी ले जायें
• ई-लोडर में 1.5 टन की क्षमता
• माइलेज 150 कि.मी.



डीलर : शुभ मार्केटिंग
डीलरशीप के लिए सम्पर्क करें:- भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200
महिंद्रा शोरूम के बाजू में, भनपुरी चौक, रायपुर (छ.ग.)

# भिलाई शहर के मकानों, जमीनों और दुकानों का होगा ड्रोन सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी भिलाई ने एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य भिलाई शहर में संपत्ति कर प्रणाली को अधिक कुशल, पारदर्शी और सटीक बनाना है। इस एमओयू के तहत आईआईटी भिलाई द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई के लिए शहर की मकानों, जमीनों, एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का एक व्यापक ड्रोन सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर शहर की सभी संपत्तियों का सटीक मानचित्रण किया जाएगा, जिससे उनके वास्तविक क्षेत्रफल और उपयोग का पता लगाया जा सके।

## आईआईटी भिलाई और नगर पालिक निगम भिलाई के बीच महत्वपूर्ण समझौता



### बिना रिकार्ड वाली संपत्तियों की मिलेगी जानकारी

ड्रोन सर्वे से निगम क्षेत्र के भीतर सभी नई और बिना रिकॉर्ड वाली संपत्तियों की पहचान कर पाएंगे। संपत्ति के आकार और प्रकार के आधार पर सम्पत्ति कर के निर्धारण को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाया जाएगा। शहर के संपत्ति रिकॉर्ड का एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन, डिजिटल और अद्यतन डेटाबेस तैयार होगा। एकत्र किए गए डेटा का उपयोग भविष्य के शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी की दिशा में यह कदम : आयुक्त

इस अवसर पर, नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि आईआईटी भिलाई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ यह सहयोग भिलाई को स्मार्ट सिटी की दिशा में एक कदम आगे ले जाएगा। ड्रोन तकनीक से कर वसूली की प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता और दक्षता आएगी। आईआईटी भिलाई के निदेशक ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईटी भिलाई शहर के विकास में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शोध क्षमताओं का योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह परियोजना सरकारी प्रशासन में तकनीकी हस्तक्षेप का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। नगर निगम ने जनता से अपील की है कि वे सर्वेक्षण कार्य में लगी आईआईटी भिलाई की टीम का सहयोग करें और उन्हें अपनी संपत्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करें। यह सर्वेक्षण शहर के प्रत्येक नागरिक के हित में है और यह सुनिश्चित करेगा कि कर निर्धारण की प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत हो।

## खबर संक्षेप

### सेवा द्वारा ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम के लिए विकल्प

**भिलाई।** स्टील इम्प्लॉइज़ वेलफेयर एसोसिएशन बीएसपी द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च से 28 व 29 फरवरी तक सभी सदस्य कार्मिकों के लिए ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम (जीपीएआईएस) संचालित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत किसी दुर्घटना की स्थिति में मृत कर्मचारी के आश्रितों को संबंधित बीमा कंपनी द्वारा पॉलिसी की नियम एवं शर्तों के अनुसार पात्रता होने पर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। वर्ष 2026-27 हेतु यह मुआवजा राशि रु. 30 लाख निर्धारित की गई है।
इस योजना के लिए प्रतिवर्ष एल-1 के आधार पर किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी का चयन किया जाता है। चयनित कंपनी को पॉलिसी का संचालन सौंपा जाता है। निर्धारित प्रीमियम राशि का भुगतान सदस्य कार्मिकों के वेतन से सामूहिक कटौती के माध्यम से किया जाता है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासी समिति, सेवा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित पॉलिसी से पूर्व सदस्य कार्मिकों की सहमति प्राप्त की जाए। इसी क्रम में यदि कोई कार्मिक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहता है तो वह दिनांक 15 दिसंबर 2025 तक ई-सहयोग पोर्टल में उपलब्ध नहीं विकल्प का चयन कर अपनी असहमति दर्ज कर सकता है। यह विकल्प नहीं भरने वाले कार्मिकों के सन्दर्भ में यह मान लिया जाएगा कि वे उन्हें योजना में सम्मिलित होने हेतु सहमत हैं।

### सामान्य बसों से कम होगा किराया, गर्मी में एसी का आनंद लेंगे यात्री

# अगले माह से दौड़ेंगी ईवी बसें, बालोद रायपुर, नांदगांव का सफर होगा सस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

दुर्ग में 50 इलेक्ट्रिक सिटी बसें जल्द शुरू होने वाली हैं। 6.35 करोड़ की लागत से बन रहा ई-बस डिपो अंतिम चरण में है। फास्ट चार्जिंग सबस्टेशन और आधुनिक सुविधाओं के साथ जिले के लोग नए सफर की तैयारी में उत्साहित हैं। दुर्ग जिले के लोग काफी लंबे समय बाद नई सौगात मिलने वाली है। दिसंबर अंत या जनवरी तक इलेक्ट्रिक बस डिपो का कार्य पूरा होने वाला है। कार्य पूर्ण होते ही सड़कों पर इलेक्ट्रिक सिटी बसें उतरने वाली हैं। लोग इसे लेकर उत्साहित भी हैं और उम्मीद भी कर रहे हैं कि इससे रोजमर्रा की यात्रा थोड़ी आसान होगी। नेहरू नगर वायपास रोड के किनारे इलेक्ट्रिक बस डिपो तेजी से तैयार हो रहा है। पूरा प्रोजेक्ट करीब 6 करोड़ 35 लाख रुपये का है। डिपो में 50 बसों को खड़ा करने की सुविधा होगी।

### निर्माणाधीन नया बस स्टैंड



### बनाया जा रहा है 3000 किलोवाट का सबस्टेशन

सबसे खास बात यह कि बसों के फास्ट चार्जिंग के लिए 3000 किलोवाट का सबस्टेशन बनाया जा रहा है। मतलब बसों के आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। डिपो तैयार होने के बाद दुर्ग क्लस्टर की सभी रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा। भिलाई से रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव जैसे रूटों पर लोग इन बसों में सफर कर सकेंगे। शहर की हवा साफ होगी और यात्रियों को भी सफर में थोड़ी राहत मिलेगी। निगम का कहना है कि आधुनिक डिपो का उद्घाटन हो चुका है और अब पूरा ध्यान बसों के संचालन पर है। मेंटेनेंस से लेकर चार्जिंग तक, हर सुविधा एक ही जगह मिलेगी। बसें कब सड़क पर उतरेंगी, इसकी तारीख अभी तय नहीं हुई है।

### इलेक्ट्रिक बस डिपों में मिलेंगी यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं

इलेक्ट्रिक बस डिपो में आने वाले लोगों को शहर की भागदौड़ से राहत महसूस हो इसके लिए डिपो के चारों तरफ लगातार पौधरोपण किया जा रहा है। बड़े छायादार पेड़ लगाए जा रहे हैं ताकि गर्मी में भी यहां ठहरने वाले लोगों को सुकून मिले। कई रंग-बिरंगे फूलों के पौधे भी लगाए जा रहे हैं। डिपो में प्रवेश करते ही हरियाली दिखे, यही सोचकर नए पौधों की खेप मंगवाई गई है। इलेक्ट्रिक बसों से प्रदूषण कम होने और आसपास का माहौल साफ-सुथरा दिखे इसलिए यह व्यवस्था बनाई जा रही है। काम करने वाले कर्मचारी बताते हैं कि डिपो को सिर्फ बसों के संचालन केंद्र की तरह नहीं, बल्कि एक पर्यावरण अनुकूल जगह की तरह विकसित किया जा रहा है। लोग यहां आएं तो उन्हें सुकून मिले।

### पहले जैसी लापरवाही ना दोहराई जाए


उल्लेखनी है कि 2015 में भी सिटी बस सेवा प्रारंभ की गई थी। उस समय शुरुआत तो अच्छी हुई थी। दुर्ग जिले में बसें चलने से लोगों को राहत मिलने लगी लेकिन कहानी ज्यादा लंबी नहीं चली। कोविड आते ही बसें बंद हो गईं। 56 सिटी बसें सुपेला के बस स्टैंड में खड़ी रह गईं। महीनों तक किसी ने उनकी तरफ देखा तक नहीं। इस कारण बसों की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई। साथ ही मेंटेनेंस पर भी ध्यान नहीं दिया गया। इससे कई बसें कंडम हो गईं। कुछ के पाट्र्स तक चोरी हो गए। अब जब इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाया जा रहा है और 50 नई ई-सिटी बसें शुरू होने वाली हैं। लोगों को एक उम्मीद जरूर है लेकिन एक डर भी है कि कहीं पहले जैसी लापरवाही दोहराई न जाए। अब असली परीक्षा यह है कि क्या इस बार सिस्टम बसों को चलाकर रख पाएगा। क्या मेंटेनेंस और निगरानी लगातार होगी। क्या यह सेवा कई साल चलेगी या फिर पुराने समय जैसी तस्वीर दोबारा दिखई देगी।

### गुणवत्ता पर दे रहे हैं ध्यान

इलेक्ट्रानिक बस डिपो का कार्य प्रगति की ओर है। दिसंबर अंत या जनवरी तक कार्य पूरा हो जाएगा। हरियाली के लिए परिसर के चारों ओर पौध रोपण किए गए है। भवनों का निर्माण हो चुका है। रंग रोगन का कार्य जारी है। अधिकारियों की देखरेख में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रह है।

-पलाश वैद्य
सहायक नोडल अधिकारी, ननिभि

# एनएचएम कर्मियों का डे-ऑफ बायोमेट्रिक अटेंडेंस में अब्सेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल में एनएचएम कर्मियों को हड़ताल अवधि का वेतन अभी तक नहीं मिला है। इस समस्या से जूझ रहे कर्मियों की एक और नई दिक्कतें सामने आई है। डे ऑफ के दिन का बॉयोमेट्रिक अटेंडेंट में अनुपस्थिति दर्ज कर दी गई है।

- कर्मचारियों में आक्रोश का माहौल

जिसकी वजह से कर्मियों में रोष है। वहीं अस्पताल में नियमित स्टॉफ पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जा रही है। कई कर्मचारी है जो अटेंडेंस लगाते हैं और काम छोड़ घंटों गायब रहते हैं। लेटलतीफ काम पर आना भी उनकी आदत में शामिल हो गई है।

### डे ऑफ का ऐसा है नियम

प्रभावित कर्मियों ने बताया कि कर्मचारियों का रविवार छुट्टी के दिन ड्यूटी आते हैं। तो उसका छुट्टी ( डे आफ) रविवार के बाद सोमवार से शनिवार के बीच एक दिन दिया जाता है। तो वो उसका भी कर्मचारियों के बायोमेट्रिक अटेंडेंट में अब्सेंट डाल दिया गया है। इसकी वजह से एनएचएम कर्मचारी कभी भी जिला चिकित्सालय दुर्ग या सीएमएचओ आफिस का घेराव कर सकते हैं। या फिर कभी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं। उनका कहना है कि कई बार तो बायोमेट्रिक अटेंडेंट नहीं चलता जिससे कर्मचारीयों को बायोमेट्रिक अटेंडेंट के लिए इधर- उधर भटकना पड़ता है। 26 नवंबर 2025 को बायोमेट्रिक अटेंडेंट दोपहर में ना लगा और कम्प्यूटर में भी नहीं लगा।

### इन दिनों का नहीं मिला है वेतन

जिला चिकित्सालय दुर्ग में एन एच एम कर्मचारियों को तीन बार के हड़ताल अवधि 1मई 2025 उसके बाद दो दिन का हड़ताल और उसके बाद अनिश्चितकालीन कालीन हड़ताल 33 दिन इस प्रकार 36 दिन का सैलरी नहीं मिला इसके साथ ही अक्टूबर (26 सितंबर 2025 से 25 अक्टूबर 2025)और नवंबर (26 अक्टूबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक) माह का भी सैलरी नहीं मिला है। कर्मचारियों का सैलरी 26 तारीख से 25 तारीख तक बनता है। जिससे कर्मचारीयों को घर तथा परिवार चलाने में कठिनाई का सामना करना पड़ा है।

### शिकायत का करेंगे सुधार

बायोमेट्रिक अटेंडेंस में डे-ऑफ में अब्सेंट शो हो रहा है तो उसे सुधार कर ही कर्मचारियों को वेतन जारी करेंगे। इस संबंध में कर्मचारी हमसे चर्चा कर सकते हैं।

**डॉ. आशीषन कुमार मिंज**
सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# बिना लाइसेंस चला रहे थे दुकान, चार पर कार्रवाई, मुर्गा कटिंग पर भी लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर निगम की टीम ने शहर की दुकानो में साफ-सफाई और अनुज्ञप्तियों (लाइसेंस) का पालन कराने सघन अभियान चलाया। इसके तहत जोन क्रमांक 1 और जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाले चार प्रतिष्ठानों से दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 4,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

- भिलाई निगम ने वसूला 4,500 रुपए का जुर्माना वसूला

जोन 1 स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना के नेतृत्व में गठित दल ने वार्ड 6, दक्षिण गंगोत्री स्थित इंडियन बायलर एबीस चिकन सेंटर पर कार्रवाई की। प्रतिष्ठान के पास फूड लाइसेंस, गुमास्ता और अनुज्ञप्ति लाइसेंस मौके पर पाए गए, लेकिन साफ-सफाई के अभाव और गंदा पानी बहाने के कारण 1,000 रू का दंडिक शुल्क (जुर्माना) लिया गया। भविष्य में इस कृत्य की पुनरावृत्ति न करने का सख्त निर्देश दिया गया। अन्य तीन प्रतिष्ठानों, राज हंस थाली, चौहान चाय सेंटर और सलोनी स्वीट्स पर भी कचरा खुले में फेंकने और साफ-सफाई के अभाव के कारण संयुक्त रूप से 1,500 रु की कार्यवाही कर दंडिक शुल्क वसूला गया। जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत 18 नंबर रोड स्थित एक अन्य इंडियन बायलर एबीस चिकन सेंटर पर भी छापामार कार्यवाही की गई।

### खुले में मुर्गा कटिंग और गंदगी फैलाने पर 4 हजार जुर्माना

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जोन क्रमांक-2 क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। खुले में मुर्गा कटिंग कर गंदगी और दूषित वातावरण फैलाने के आरोप में अलग-अलग स्थानों पर कुल तीन लोगों पर 4 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। डिलन चिकन, महबूब खान, मोहम्मद आरिफ इन पर सार्वजनिक स्थान पर अस्वच्छ तरीके से व्यवसाय करने और निगम के स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने के लिए यह जुर्माना लगाया गया है।

# कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मांगी बिसरा रिपोर्ट एनेस्थिसिया डॉक्टर को हटाकर सुपेला अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नसबंदी के दौरान महिला की मौत मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिला अस्पताल प्रबंधन को पुलिस की बिसरा रिपोर्ट का इंतजार है और प्रबंधन को ड्रग रिपोर्ट की। राज्य से भी टीम आई लेकिन उसकी भी रिपोर्ट का अब तक पता नहीं है। कुल मिलाकर मामला ठंडे बस्ते में है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हमने पुलिस विभाग से बिसरा रिपोर्ट भेजने के लिए पत्राचार किया है। वहीं जिस महिला डॉक्टर डॉ. पूजा वर्मा ने मृतिका को एनेस्थिसिया दी थी उसे जिला अस्पताल से हटाकर सिविल हॉस्पिटल सुपेला भेजा गया है।

### 22 दिन पहले हुई थी नसबंदी के दौरान महिलाओं की मौत का



### 15 दिन पहले राज्य की टीम ने की थी जांच

13 नवंबर को राज्य से जांच के लिए टीम आई थी। जांच टीम के अध्यक्ष डॉ. निर्मला यादव सहित डॉ. टीके टोंडर, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ. चंद्रा राव और डॉ. निकिता पवार ने विभिन्न पहलूओं पर जानकारी जुटाई। नसबंदी करने वाले व एनेस्थेसिया देने वाले डॉक्टरों के भी बयान लिए गए लेकिन अब तक रिपोर्ट में क्या हुआ इसका खुलासा नहीं किया गया है।

### फोरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है बिसरा

नसबंदी सर्जरी के बाद मृत दोनों महिलाओं के पोस्टमार्टम में उनके फेफड़े में पेट का पानी मिला है। इससे ऑपरेशन से पहले कुछ न खाने की मनाही के बाद भी दोनों के द्वारा कुछ खाने-पीने की संभावना जाहिर की गई, लेकिन इससे भी दोनों की मौत की वजह दवा रिएक्शन साबित नहीं हुआ। इसलिए फेफड़ा, बेन, स्टमक, स्पलीन आदि का टुकड़ा फोरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है।

### आपरेशन के दौरान हुई थी मौत

जिला अस्पताल में नसबंदी के दौरान 8 नवंबर को दो महिलाओं की तबीयत इस कदर बिगड़ी की उनकी जान चली गई। सर्जरी करने वाली टीम की प्रमुख डॉ. उज्जवला देवांगन के निगरानी में यह ऑपरेशन हुए। जानकारी के मुताबिक ओटी टेबल पर ही दोनों को झटके व अकड़न होने लगी थी। नसबंदी के बाद आनन-फानन में दोनों को 200 मीटर दूर आईसीयू में शिफ्ट करा दिया गया। दोनों महिलाओं में एक बजरंग नगर निवासी 27 वर्षीय पूजा यादव पत्नी विकास यादव ने आईसीयू में दम तोड़ दिया। दूसरी सिकोला भाटा निवासी 30 वर्षीय किरण यादव पत्नी प्रकाश यादव को बेहतर उपचार के लिए परिजन निजी सेंटर ले जाना चाह रहे थे, तभी हार्ट बीट रुक गई।

### बिसरा रिपोर्ट मांगी है

महिलाओं की मौत के मामले में पुलिस से हमने बिसरा रिपोर्ट मांगी है। पत्राचार किया है। ड्रग रिपोर्ट का भी इंतजार है। राज्य की टीम अपनी रिपोर्ट डॉयरेक्ट्रेट को सौपेंगी। फिलहाल एनेस्थिसिया चिकित्सक को हटाकर सुपेला अस्पताल भेज दिया है।

**डॉ. एके मिंज,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# 20 वार्डों में दो दिन तक पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सोमवार और मंगलवार को आधे शहरवासियों को पेयजल नहीं मिल जाएगा। मालवीय नगर कांपलेक्स के पास 600 एमएम वाल्ब बदलने का कार्य होर्गा। जिसके लिए दुर्ग निगम ने शट डाउन लिया है। इस कार्य की वजह से शहर के 20 वार्डों में पेयजल सप्लाई बंद रहेगी।

### ये एरिया रहेंगे प्रभावित

पद्मनाभपुर टंकी वार्ड नं. 43 (कसारीडीह, पूर्व), वार्ड नं. 44 (बाबा गुरूघासीदास वार्ड), वार्ड नं. 45 (पद्मनाभपुर पश्चिम), वार्ड नं. 46 (पद्मनाभपुर पूर्व) शंकर नगर टंकी वार्ड नं. 10 (शंकर नगर, पश्चिम), वार्ड नं. 11 (शंकर नगर, पूर्व), वार्ड नं. 12 (मोहन नगर, पश्चिम), वार्ड नं. 13 (मोहन नगर, पूर्व), शक्तिनगर टंकी वार्ड नं. 17 (औद्योगिक नगर, उत्तर), वार्ड नं. 18 (औद्योगिक नगर, दक्षिण), वार्ड नं 19 (शहीद भगत सिंह दक्षिण), वार्ड नं. 20 (शहीद भगत सिंह उत्तर), वार्ड नं. 21 (तितुरडीह), वार्ड नं. 22 (स्टेशन पारा) गिरधारी नगर टंकी वार्ड नं. 09 (स्वामी विवेकानंद वार्ड), वार्ड नं. 05 (मरारपारा), हनुमान नगर टंकी नं. 21 (तितुरडीह), वार्ड नं 19 (शहीद भगत सिंह दक्षिण), वार्ड नं. 20 (शहीद भगत सिंह उत्तर), वार्ड ट्रांसपोर्ट नगर टंकी वार्ड न. 16 (करहीडीह ) शनिचारी बाजार टंकी वार्ड नं. 30 (तमेरपारा), वार्ड नं. 31 (आपापुरा), वार्ड नं. 32, वार्ड नं. 33 (चंडीमंदिर), वार्ड नं. 34 (शिव पारा), वार्ड नं. 35 (रामदेव मंदिर मंदिर), वार्ड नं. 36 (गंजपारा), वार्ड नं. 37 (आजाद वार्ड), वार्ड नं. 38 (आंशिक)।




### नगर निगम भिलाई द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे ज्यादा किया गया रेस्क्यू

# भिलाई निगम ने बनाया रिकॉर्ड, 1610 कुत्तों का बधियाकरण और वैक्सीनेशन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई ने आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निगम की रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2025 से अब तक 1610 कुत्तों का बधियाकरण और वैक्सीनेशन किया जा चुका है। इस मामले में भिलाई अब छत्तीसगढ़ में सबसे आगे माना जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि नगरपालिक निगम भिलाई निरंतर कुत्तों की प्रजनन में कमी लाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से राज्य शासन के निर्देश और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की परिपालन में कार्य कर रही है। अप्रैल 2025 से लेकर आज की स्थिति में 1610 कुत्तों का वैक्सीनेशन और बधियाकरण कार्य किया गया है। वर्तमान में नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा प्रत्येक वार्ड में कुत्तों की देखभाल के लिए पीपुल्स फॉर एनिमल वेलफेयर के समिति के



सदस्यों की टीम इस दिशा में कार्य कर रही है और प्रत्येक वार्ड में कुत्तों के फीडिंग के लिए एक स्थान चयनित कर लिया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी



निर्देश के अनुसार अन्य इंस्टिट्यूट जैसे स्कूल, कॉलेज अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, खेल परिसर एवं स्टेडियम ऐसे समस्त संस्थाओं को आयुक्त महोदय द्वारा पत्र के माध्यम से शासन के निर्देश का पालन करने और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। साथ ही साथ स्कूल,कॉलेज अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, खेल परिसर एवं खेल स्टेडियम जैसे संस्थाओं के अंदर आवारा कुत्तों का प्रवेश न हो सके इसके लिए उनको चारों तरफ दीवार से सुरक्षित कर रखना होगा और इसकी सतत निगरानी रखनी होगी।

नगरपालिक निगम भिलाई में पूर्व से डॉग शेल्टर हाउस के माध्यम से बधियाकरण का कार्य संचालित है जिसकी क्षमता लगभग 15 से 20 कुत्तों की है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अनुबंध किए गए एजेंसी पीपुल्स फॉर एनिमल वेलफेयर के माध्यम से जो जीवजंतु कल्याण बोर्ड से पंजीकृत है। कुत्तों का बधियाकरण और टीकाकरण का कार्य पश्चात उसी स्थान पर छोड़े जाने के निर्देश का परिपालन सुनिश्चित किया जा रहा है ।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

**समाज में विशिष्ट योगदान देने वालों का हुआ सम्मान**




**लाइव इवेंट**

## प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जमाया रंग



**भिलाई।** दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार की 128वीं जयंती समारोह का आयोजन गुण्डरदेही में किया गया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल और ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। इस दौरान सामाजिक बच्चों और महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज युवा संगठन, दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ और दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई भिलाई द्वारा आयोजित दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की 128वीं जयंती समारोह में सांसद और विधायक ने स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी और समाज सुधारक दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंती अर्पित कर नमन किया और उनके द्वारा समाज हित व देश हित में किए गए कार्यों को याद किया। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों का शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक लोगो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा अध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज योगेश्वर कुमार देशमुख, महामंत्री योगेंद्र बेलचंदन, प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज मोरजध्वाज चंद्राकर, तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, चंद्रनाहू कूर्मि क्षत्रिय समाज दिनेश चंद्राकर, चेमन देशमुख, प्रीतपाल बेलचंदन, प्रीति देशमुख, बिरेन्द्र देशमुख, पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रमोद जैन, कुबेर देशमुख, राजेन्द्र हरमुख, प्रेमलाल पिपरिया, जगदीश देशमुख, भूपेंद्र दिल्लीवार, तेजराम देशमुख, विमल गौतम सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

- **दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार की 128वीं जयंती समारोह**



**● मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा- सामाजिक मंच का लाभ लेना चाहिए**

# साहू मित्र सभा के मंच पर विवाह योग्य युवक-युवतियों ने दिया परिचय, विशेष योगदान देने वाले बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**भिलाई। रविवार को साहू मित्र सभा भिलाईनगर की आम सभा के साथ युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ। समाज के लिए विशेष योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए समाज बड़ा आयोजन करता है, बड़ा मंच देता है। इस मंच में आकर अपना परिचय देने में संकोच नहीं करना चाहिए। युवक युवतियों को इस मंच का लाभ उठाना चाहिए। प्रारंभ में साहू मित्र सभा भिलाईनगर के अध्यक्ष खेदराम साहू ने सामाजिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज की मांग पर शासन ने 20 लाख रु. स्वीकृत किया है। इसका काम शुरु हो गया है।**









### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मनमोहा

कोहका, कैम्प 1 व हाउसिंग बोर्ड इकाई की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय पत्रिका परिचायिका का विमोचन अतिथियों ने किया। इसके बाद युवक युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया।

### इनका किया सम्मान

समाज रत्न स्व.डॉ.मनराखन लाल स्मृति सम्मान जिला साहू संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष नथेला राम साहू को, सर्वश्रेष्ठ पुरुष कार्यकर्ता भूपेन्द्र दास साहू, सर्वश्रेष्ठ महिला कार्यकर्ता श्रीमती अंजू साहू, सर्वश्रेष्ठ इकाई के रूप रूप में क्षेत्रीय साह मित्र सभा हुडको को सम्मानित किया गया। परिचायिका में विशेष सहयोग के लिए ठंगेश्वर साहू व मनोज साहू सम्मानित किए गए।



### परिचायिका में 670 युवक-युवतियों का बायोडाटा

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साह संघ के अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू ने की। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व सलाहकार प्रदेश साह संघ रमेश साहू थे। अन्य अतिथियों में जितेन्द्र साहू, गिरवर बंटी साहू, डॉ. सरिता यशवंत साहू, विजय साहू, एमके साहू, तोरण अटल, डॉ. कामता साहू, दीपक साह, जनक राम साह आदि उपस्थित थे। उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, संगठन सचिव हीराशंकर साह व श्रीमती दीपेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष भरतराम साहू, कार्यालय सचिव गजेन्द्र गंजीर, सहसचिव अरुण कुमार साहू का भी विशेष सहयोग रहा। संचालन महासचिव उन्मेष साहू व आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष परस राम साहू ने किया।

**सिटी इवेंट**

## सीजी-पीएससी टॉपर बने यशवंत ने कहा बीएसपी के अनुभवों की महत्वपूर्ण भूमिका



**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने बीएसपी कार्मिक से सीजीपीएससी टॉपर बने यशवंत देवांगन को सम्मानित किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के ईआरएस विभाग में इंजीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत यशवंत देवांगन ने कहा कि उनकी सफलता में बीएसपी से प्राप्त अनुभवों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यहां की सकारात्मक कार्य संस्कृति से मुझे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की ऊर्जा मिली। हैं। प्रगति भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित सम्मान समारोह में सेफी चेयरमेन एवं आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा उपाध्यक्ष संतोष सिंह, रेमी थॉमस, सचिव प्रहलाद मौर्य, अनु पी अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर ओए-बीएसपी अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि यह गर्व की बात है कि संयंत्र से जुड़े युवा कार्मिक यशवंत देवांगन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए यशवंत देवांगन को बधाई दी। यशवंत ने कहा कि उनकी सफलता में बीएसपी से प्राप्त अनुभवों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भिलाई बिरादरी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रेरित किया है। बीएसपी के सकारात्मक वातावरण एवं प्रेरणा के चलते ही मैं अपनी परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सका। भिलाई की सकारात्मक कार्य संस्कृति ने मुझे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की ऊर्जा प्रदान की।

- **ओए ने बीएसपी कार्मिक से सीजी पीएससी टॉपर बने यशवंत देवांगन का किया सम्मान**

## गीता जयंती पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** गीता जयंती का आयोजन एक दिसंबर को शाम साढ़े 4 बजे राधा कृष्ण मंदिर बृज मंडल सेक्टर 6 भिलाई में किया गया है। छत्तीसगढ़ गीता परिवार के अध्यक्ष गीत गोविंद साहू ने बताया कि गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर भक्तिमय आयोजन हो रहे हैं। यह 5162 वीं गीता जयंती है। यह महोत्सव 2025 उत्पन्ना एकादशी 15 नवंबर से पुत्रदा एकादशी 31 दिसम्बर तक जारी है। जिसमें हज़ारों गीता प्रेमी ऑफलाइन एवं ऑनलाइन विविध उपक्रमों के माध्यम से आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑफलाइन कार्यक्रम में शोभायात्रा, गीता पारायण, संगीतमय गीता पारायण,विभिन्न सामूहिक गतिविधियां क्विज, गीता ज्ञान, ड्राइंग, गीता अंत्याक्षरी, बुक स्टॉल एवं गीता प्रचार आदि आयोजन 70 देशों और 1000 नगरों में हो रहे है। वहीं ऑनलाइन कार्यक्रमों में षष्ठी पारायण श्रृंखला 47 दिनों तक 15 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक जारी है। जिसमें रोज सुबह साढ़े 6 बजे से एक अध्याय पारायण और शाम साढ़े 7 से साढ़े 10 बजे सम्पूर्ण गीता पारायण चल रहा है। वहीं अखंड गीता पारायण-मोक्षदा एकादशी 1 दिसम्बर को सुबह 6:30 बजे से रात्रि 12 बजे तक किया जायेगा।

# दुर्ग पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया निशानेबाजी का अभ्यास

**दुर्ग।** पुलिस जवानों की फायरिंग दक्षता बढ़ाने के लिए एसटीएफ बघेरा में वार्षिक फायरिंग अभ्यास शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में किया जा रहा है। 28 नवंबर से शुरू हुए इस अभ्यास में जिला पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से शामिल किए जा रहे हैं। जिले के सौ प्रतिशत पुलिसकर्मियों को फायरिंग ट्रेनिंग से गुजरना होगा। अधिकारियों के अनुसार नियमित फायरिंग प्रैक्टिस से आत्मविश्वास बढ़ने के साथ-साथ बल की क्षमता भी मजबूत होती है। यही वजह है कि इस बार पूरे स्टाफ को प्रशिक्षण देने का फैसला लिया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार आगे भी इसी तरह का अभ्यास निरंतर जारी रहेगा, ताकि फोर्स हर स्थिति में तैयार रहे।





## 95 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से नवंबर महिने में 95 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिनमें खदान क्षेत्र के सदस्यों सहित 13 कार्यपालक और 82 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। इस माह सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में विभिन्न विभागों के अनुभवी और समर्पित सदस्य शामिल रहे, जिन्होंने लंबे समय तक संयंत्र के संचालन, उत्पादन और संगठनात्मक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यपालकों के लिए आयोजित विदाई समारोह का आयोजन निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। जहां कार्यकारी निदेशक प्रभारी एके. चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पीके सरकार और कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर भी उपस्थित रहे। कार्यकारी निदेशक प्रभारी चक्रवर्ती ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी बीएसपी की अमूल्य पूंजी रहे हैं और उनके अनुभव आने वाले समय में संगठन के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। जिसमें बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति का आदेश दिया। संयंत्र प्रबंधन ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कठिन परिश्रम, समर्पण एवं निष्ठा को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद तथा सुरक्षित भविष्य की कामना की।

**महाविद्यालय में 47वां वार्षिक खेल दिवस का आयोजन**



# खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा, स्पोर्ट्स डे पर छात्राओं ने दिखाया अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। इन दिनों ट्विनसिटी के सभी विद्यालय और महाविद्यालयों में एनुवल स्पोर्टस डे का आयोजन कराया जा रहा है। जहां विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का शानदार टीम भावना के साथ कर रहे है। इसी कड़ी में भिलाई महिला महाविद्यालय में 47वां वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों सहित महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस द्वारा सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा देकर किया गया।



### छात्राओं के जीवन में खेल के महत्व पर डाला प्रकाश

इस अवसर पर प्राचार्या प्रतिभा छाया और उपप्राचार्या डॉ. आशा रानी दास ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सिखाते हैं। महाविद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय गुप्ता ने भी सभी छात्राओं के जीवन में खेल के महत्व के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। खेल प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पहले योग नृत्य की शानदार प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई। संस्थान के शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ ने हर्षोल्लास से विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी लाडली, क्रीड़ा प्रभारी दीपक दास मानिकपुरी, मयंक ठाकुर, डॉ. निधि मोनिका शर्मा सहित सभी विभागाध्यक्ष काफी संख्या में प्राध्यापक और सभी स्टाफ उपस्थित रहे। महाविद्यालय में बी. एस.सी. प्रथम सेमेस्टर बायो टेक्नोलॉजी की छात्रा अनुग्रह चौधरी को राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चयनित किये जाने पर प्राचार्या सहित सभी स्टाफ ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।



### विजेताओं का किया सम्मान

प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापिकाएं डॉ. राजश्री शर्मा, कविता दुबे, डॉ. एम. माधुरी, रेणुका यादव, डॉ. अर्चना शरण, डॉ. कंचन साही भी इन प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत हुई।



## सिटी इवेंट

# महात्मा ज्योतिबा के मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प



**भिलाई।** बुद्ध भूमि कोसा नगर में महान समाजसुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पमाला अर्पण कर तथा मोमबत्ती की रोशनी के बीच श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां स्थापित शिक्षा महर्षि महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने सभी सदस्यों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। सह सचिव गौतम डोंगरे ने ज्योतिबा फुले के समाज सुधार, नारी शिक्षा और छुआछूत के प्रति रोकथाम के कार्यों के उल्लेख किए। उपाध्यक्ष माया सुखदेवे ने कहा कि महान क्रांति सूर्य ज्योतिबा फुले को बाबा साहब अम्बेडकर अपना गुरु मानते थे। ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था तथा उनकी मृत्यु 28 नवंबर 1890 को पुणे में हुआ था। घनश्याम गणवीर ने कहा कि उन्हें महात्मा की उपाधि समाज सुधारक विट्ठल राव कृष्ण वाडेकर ने दी थी। ज्योतिबा फुले ने 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की जिसका उद्देश्य जातीय सामान्य को बढ़ावा देना था उन्होंने अपनी पुस्तक 'गुलामगिरी' में जाति व्यवस्था तथा सामाजिक सुधार के लिए अपने विचारों को व्यक्त किया। जयेंद्र चिंचखेड़े ने कहा कि ज्योतिबा ने विधवाओं की दयनीय स्थिति को समझा और युवा विधवाओं के लिए एक आश्रम खोला। सचिव ज्ञानचंद टेंभुर्णिकर ने बताया कि उन्होंने 1848 में अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खुला। सभी लोगों ने उनके कार्यों का स्मरण कर उनकी पुण्यतिथि पर उनके बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बालेश्वर चौरे,रविंद्र रामटेके डॉ उदय धाबर्डे,भीमराव शाहने,भिमटे,अलका शेन्डे सहित अन्य गण मान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

# डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम में 33 अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण



**भिलाई।** सेल-बीएसपी में परियोजनाओं की कार्यकुशलता और पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीएमडीसी सेक्टर-7 में दो-दिवसीय डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम डीपीएमएस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र में बीएसपी के विभिन्न विभागों से 33 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में एल-2 शेड्यूलिंग, बिलिंग शेड्यूल से उसका समन्वय, एसईएस निर्माण तथा डैशबोर्ड आधारित प्रोजेक्ट ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पीके सरकार, विशिष्ठ अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एमके गुप्ता, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक अरविन्द गुप्ता और हरप्रीत सिंह उपस्थित रहे। पीके सरकार ने कहा कि परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति का किसी भी समय विश्लेषण करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर्स और प्रोजेक्ट टीम-दोनों का प्रशिक्षण अनिवार्य है। गुप्ता ने डीपीएमएस में गतिविधि-वार सेफ्टी इंस्ट्रक्शन्स को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समन्वयक उप महाप्रबंधक पुनीत वर्मा ने संचालन किया। वरिष्ठ प्रबंधक अंकिता मोहनिया ने प्रशिक्षण संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव ने डीपीएमएस प्रणाली की विशेषताओं पर जानकारी दी। वहीं महाप्रबंधक राधिका श्रीनिवासन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। दोनों दिनों के तकनीकी सत्र मैनसायकॉम के दीप बनर्जी द्वारा लिए गए। जिनमें एल-2 शेड्यूल के मानकीकरण, बिलिंग शेड्यूल्स के इंटीग्रेशन, एसईएस क्रिएशन प्रक्रिया एवं डैशबोर्ड की उन्नत विशेषताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दिया गया। प्रतिभागियों ने गहन चर्चा और डेमॉन्स्ट्रेशन के माध्यम से डीपीएमएस की व्यावहारिक समझ प्राप्त की। साथ ही उन्होंने आउटर सेल प्लांट्स की श्रेष्ठ प्रथाओं से भी परिचित कराया। कार्यक्रम का समापन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय और मुख्य महाप्रबंधक उन्मेश भारद्वाज उपस्थित रहे। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक जया तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# अंकेक्षण दिवस पर हुई निबंध प्रतियोगिता, किया गया सम्मान



**भिलाई।** लेखा परीक्षा इस्पात रांची, भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अंकेक्षण दिवस के अवसर पर कैग सीएजी ऑडिट प्राथमिक हितधारक भारत के लोगों की बेहतर सेवा करने के विषय पर संस्थानों के कार्मिकों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसके पुरस्कार वितरण समारोह में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम और एमएस डहरिया उपस्थित थे। इस अवसर पर बीएसपी, एनएसपीसीएल शाखा द्वारा अंकेक्षण किए जाने वाले अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।प्रतियोगिता के हिंदी निबंध श्रेणी में प्रथम पुरस्कार अलंकार समद्दार, द्वितीय अनिल कुमार अग्रवाल और तृतीय पुरस्कार सुनीता पाण्डेय बीएसपी ने प्राप्त किया। वहीं अंग्रेज़ी निबंध श्रेणी में प्रथम अमृता गंगराडे, द्वितीय प्रियंका तन्ना, चीफ फाइनेंस ऑफिसर, सेन्ट्रल ईस्ट-वेस्ट रेलवे लिमिटेड तथा तृतीय पुरस्कार निकुंज कुमार, सहायक महाप्रबंधक बीएसपी ने प्राप्त किया।

## बोरसी में 7 दिवसीय 5 कुण्डीय गायत्री यज्ञ और प्रज्ञा पुराण का आज समापन

# माता-पिता ही इस धरा के भगवान, उनकी मुस्कान ही जीवन का धन, कष्ट ना दें, बड़े बुजुर्गों की सेवा सबसे बड़ा यज्ञ

भिलाई। माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान हमारे जीवन में खुशी लाती है, इसके विपरीत अगर हमारे द्वारा दिये गए कष्टों के कारण यदि माता-पिता की आंखों में आंसू आये अथवा उनका हृदय दुखी हो जाये तो हमारा जीवन सदैव दुखमय बना रह सकता है, फिर आप हजारों पूजा पाठ, हवन, पूजा अनुष्ठान या सैकड़ो तीर्थ कर लो कोई लाभ होने वाला नहीं है। माता पिता, बड़े बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा यज्ञ है। यह बातें रविवार को प्रज्ञा पुराण कथा सुनाते हुए सात दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा के छठवें दिन अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ पुरोहित परमानंद ने कही। मधुबन नगर बोरसी में 7 दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा और 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसका आज सुबह पूर्णाहुति के बाद समापन होगा।







### धर्म की परिभाषा बहुत ही सरल

पुरोहित परमानंद कहा कि वर्तमान युग में जब प्रकृति, पर्यावरण और अंतःकरण बुरी तरह प्रदूषित और विकृत दिखाई देता है, यह एक बड़ा चिंतनीय प्रश्न है कि क्या वर्तमान विषाक्त परिस्थितियों में धर्म के मार्ग पर चलना संभव है या नहीं। इस विषय पर उन्होंने कहा कि व्यक्ति के द्वारा बनाये समाज ने ही धर्म की व्याख्या करके धर्म को जटिल बना दिया है। अन्यथा धर्म की परिभाषा बहुत सरल और सही है। धर्म को सरल शब्दों में समझाते हुए पुरोहित परमानंद ने कहा कि एक बच्चा भी जानता है कि दूसरों को कष्ट देना अधर्म है। उपस्थित जनों को समझाते हुए कहा कि जाति, धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर मानवता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने को कहा।

### मानव समाज को संगठित करने के लिए ही की गई थी गायत्री परिवार की स्थापना

मानवता और राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने सभी जातियों, धर्मों और सम्प्रदाय के लोगों को शामिल करके गायत्री परिवार की स्थापना किया है ताकि मानव मात्र का एक संगठित समूह बना रहे। इस अवसर पर पार्षद साजन जोसफ और गुलशन साहू ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने विचार क्रान्ति अभियान के माध्यम से युग परिवर्तन का आन्दोलन चलाया है, इस आन्दोलन की सफलता समाज में दिखाई दे रही है। जाति, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर यह विशाल संगठन निःस्वार्थ भाव से मानवहित और जन कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने मुम्बई अश्वमेध गायत्री महायज्ञ में अपने प्रेषित संदेश में कहा था कि युग परिवर्तन के लिए गायत्री परिवार युवाओं में संस्कार का निर्माण कर रहा है।

### यज्ञ में दी गई आहूति

आयोजन के छठवें दिन रविवार को गायत्री यज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा और दीप यज्ञ में कौशल कुमार आडिल, प्रेमीन आडिल, मोहन उमरे, साजन जोसफ, गुलशन साहू, अनुज राम साहू, हरदेव लाल साहू, पूना राम साहू, नागेंद्र साहू, दीपा साहू, सुधा बेलचंदन, हेमन्त साहू, घनश्याम प्रसाद साहू, के पी गांगुली खोमलाल साहू, गनेशिया साहू, रामस्वरूप साहू, अलख राम नायक, हरख राम सोनबोइर, रश्मि सोनबोइर सहित भिलाई -दुर्ग, बोरसी और आसपास के गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित थे। यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को सुबह 8 बजे से यज्ञ की शुरुआत होगी। 12 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति दी जायेगी। प्रज्ञा पुराण कथा 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

### पर्यावरण संरक्षण के पहलुओं पर की चर्चा

कथा के छठवें दिन रविवार को पुरोहित परमानंद ने भक्तों से अपने माता-पिता को खुश रखने के लिए हर संभव प्रयास करने और उन्हें वृद्धाश्रम में न छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि इतिहास खुद को दोहराता है। आप अपने माता-पिता, बड़े बुजुर्गों के साथ जैसा व्यवहार करेंगे, आपके बच्चा भी आपके साथ वैसा ही व्यवहार करेगा। प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री यज्ञ पर टोली प्रमुख ने पुराणों में वर्णित धर्म, विज्ञान और प्रकृति के अनेक स्वरूप में पर्यावरण संरक्षण के पहलुओं पर भी चर्चा की।

## कुम्हारी हाईस्कूल में आयोजन

# चित्र या मूर्तिकला ही नहीं, 64 कलाओं में से किसी एक कला में हों पारंगत





**भिलाई।** कला हमें न सिर्फ अहिंसक बनाती है बल्कि मन को शांति, खुशी और एकाग्रता प्रदान करती है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र संघ, वैज्ञानिक और दुनिया भर के शिक्षाविद् मानते हैं कि स्कूली बच्चों को किसी न किसी कला में जरूर निपुण होना चाहिए। यह सारगर्भित व्याख्यान ग्राम परसदा कुम्हारी के हाई स्कूल में बच्चों को प्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ चित्र या मूर्तिकला ही नहीं बल्कि 64 कलाओं में से किसी एक कला में आप जरूर पारंगत हों। ताकि दिन-ब-दिन बढ़ते तनाव वाले जीवन में आप खुशमिजाजी को पा सकें। इस दौरान मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी की पेंटिंग तथा अंकुश के दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों को देखकर बच्चे और शिक्षक आश्चर्यचकित थे। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. अंकुश देवांगन ने बताया कि उनका जन्म दल्ली राजहरा में हुआ है जहां से लगे बीहड़ क्षेत्रों में बच्चे नक्सली विचारधाराओं के बहकावे में आ जाते थे। लेकिन जो भी बच्चे उनसे कला की कुछ नज्में सीख जाते थे वे कभी नक्सलाइड नहीं बने। इस छोटे से विचार ने उसमें उम्मीद की नई किरण जगा दी और वे अपने युवावस्था से ही गांव-गांव में जाकर बच्चों को चित्र मूर्तिकला का प्रशिक्षण देने लगे। यही वजह है कि वे लगभग 35 वर्षों से गांव-गांव में घूमकर बच्चों और युवाओं को कला का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। ग्राम परसदा कुम्हारी में उन्होंने मिनटों में बच्चों और शिक्षकों के हुबहू पेंटिंग बनाकर सबको अचंभित कर दिया।

## कला के क्षेत्र में किया गया सम्मानित

# अ.भा. कादम्बरी साहित्य सम्मान 2025 से सम्मानित हुई डॉ. सुजाता



**भिलाई।** साहित्य, संस्कृति, कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जबलपुर मध्यप्रदेश की साहित्यिक संस्थान कादम्बरी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में दुर्ग की पुलिस अधिकारी डॉ० सुजाता दास को विविध प्रकार के लेखन के लिये कादम्बरी सम्मान 2025 विविधा के लिये चयनित कर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान देश भर के साहित्यकारों से प्राप्त कृतियों का श्रेष्ठ निर्णायक मंडल द्वारा गहन अध्ययन अवलोकन के बाद परिणाम घोषित करने के बाद दिया गया।

डॉ० सुजाता दास की अब तक विविध विधाओं में तीन कृतियों प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही वे साहित्यिक व सामाजिक योगदान के लिये अब तक भारत के विभिन्न प्रांतों में कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हो चुकी हैं।इस अवसर पर शहर के जाने-माने साहित्यकारों व साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति में देश के विभिन्न प्रदेशों के 127 साहित्यकारों का शहीद स्मारक सभागृह, जबलपुर में सम्मानित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग में पदस्थ पुलिस अधिकारी डॉ सुजाता दास जिला दुर्ग को उनके विविध प्रकार के लेखन के लिये सम्मान के रूप में प्रतिष्ठित स्व ई अवधेश कुमार माथुर स्मृति में कादम्बरी सम्मान 2025 से नवाजा गया। जिसमें नकद धनराशि, शॉल, सम्मान पत्र, मोतियों की माला, स्फटिक के शिवजी व रूद्राक्ष भेंट कर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय स्तरीय सम्मान समारोह आयोजन में कादम्बरी संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य भगवत दुबे, प्रज्ञा पीठाधीश्वर प्रज्ञानाम महेश दिवाकर, सात विश्वविद्यालयों के कुलपति रह चुके कृष्ण बिहारी पांडे, राम मंदिर अयोध्या के संयोजक डॉ कैलाश गुप्ता, सजल विद्या के स्थापक अनिल गहलोत, गीतिका विद्या के आचार्य ओम नीरव, जादूगर एसके निगम, अमरेन्द्र नारायण, प्रोफेसर डॉ गिरीश पाठक और महासचिव राजेश पाठक सहित उपस्थित थे।

## मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता का हुआ समापन, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

# छात्रों की लोकसभा में लंबी बहस के बाद बहुमत से पारित किए गए देश की तरक्की के बिल, बढ़ेगी साइबर सुरक्षा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रूंगटा इंटरनेशल स्किल्स यूनिवर्सिटी में मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। भारत की लोकसभा की तर्ज पर बनाए गए मॉडल के तहत स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रूप में बहस की। स्कूली बच्चे केंद्रीय मंत्रियों की तरह पेश आए। विद्यार्थियों ने व्यापक और महत्वपूर्ण रूप से हुई चर्चा में रहा प्रस्ताव 'द गरुड़ बिल बहुमत से पास कर दिया। आधुनिक डिजिटल खतरों और जनजातीय समुदायों की डिजिटल सुरक्षा को केंद्र में रखकर तैयार किए। इस प्रस्ताव पर विभिन्न समितियों में लंबी बहस चली, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रभावशाली तर्क रखे। मॉडल यूनाइटेड नेशन के इस सत्र में छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र की तर्ज पर डिजिटल युग की बढ़ती चुनौतियों पर गहन चर्चा की। प्रस्तावित गरुड़ विधेयक में साइबर क्राइम गलत सूचना, डेटा चोरी, एल्गोरिथमिक हेरफेर, ऑनलाइन शोषण और डार्क-वेब से जुड़े जोखिमों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।



### डार्क वेब के जोखिम कम होंगे

कई छात्रों ने तर्क दिया कि भारत जैसे तेजी से डिजिटल हो रहे देश में ये खतरे सामान्य नागरिकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। बहस के दौरान विशेष ध्यान जनजातीय समुदायों और ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल संरक्षण पर रहा। छात्रों ने कहा कि इंटरनेट और नई तकनीकों के बढ़ते प्रभाव के बावजूद इन समुदायों में डिजिटल साक्षरता काफी सीमित है, जिससे वे ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और गलत सूचना का सबसे आसान शिकार बनते हैं, लेकिन सुरक्षा सबकी पहुंच में नहीं, और इसी असमानता को दूर करने के लिए यह बिल पास किया है।

### बिल बहुमत से किया गया पारित

छात्रों के बीच हुई खुली बहस के बाद पारित हुए इस बिल में ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के लिए विशेष डिजिटल सुरक्षा प्रशिक्षण देने का फैसला लिया गया। खातों, आधार डेटा और व्यक्तिगत जानकारी के लिए अत्याधुनिक सुरक्षा मानक तय करने का निर्णय हुआ। एल्गोरिथ्म की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। स्कूल, कॉलेजों में साइबर सेफ्टी का अनिवार्य पाठ्यक्रम पढ़ाने का फैसला लिया गया। कुछ छात्रों ने यह भी कहा कि तकनीक जितनी तेजी से बदल रही है, भारत को उतनी ही तेजी से डिजिटल नीति और सुरक्षा को अपडेट करना होगा।

### प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार

मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता के तहत कराई गई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के बीच बेस्ट फोटोग्राफी का पुरस्कार अस्मी श्रीवास्तव को मिला। वहीं रनरअप कृतिक गोडवानी रहीं। बेस्ड पत्रकार रेहाना सुलताना बनीं। रनरअप यश्सवी सरेनी रहे। बेस्ट वीडियोगाफर का अवॉर्ड तन्मय प्रसाद को दिया गया। रनरअप रौनक जासूजा रहे। यह कार्यक्रम ट्रेनिंग संस्था फनोलॉजी लर्निंग्स के सहयोग से कराया गया था। टीम के प्रथम प्रवीण दावर, आर्यन मार्वा, श्रेया केडिया, अंबर खान और अक्षांस गुप्ता की मौजूदगी में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया ने भी अवॉर्ड वितरित किए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट राज्य टीम के लिए चुने गए खिलाड़ी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन ने रविवार को छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांग पुरुष क्रिकेट टीम के चयन हेतु चयन ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजन इस्पात नगरी भिलाई में किया। यह चयन आगामी सेंट्रल ज़ोन क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए किया जा रहा है, जिसका आयोजन 20, 21 और 22 दिसम्बर को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ग्राउंड, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में निर्धारित है। इस चयन प्रक्रिया का संचालन एवं निरीक्षण एसोसएशन की चयन समिति के सम्मानित सदस्यों द्वारा किया गया, जिनमें श्रीमंत झा–सचिव, अभिषेक सिंह–उपाध्यक्ष, एस. बालराजू–मुख्य कोच एवं अजय विलियम–कोच, शामिल थे। प्रदेशभर से दिव्यांग खिलाड़ियों ने उत्साह, जोश और उत्कृष्ट खेल भावना के साथ ट्रायल में भाग लिया तथा अपने कौशल और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन तिमिरेन्दु शेखर कंवर ने सफल आयोजन पर बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। साथ ही एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट मनमीत सिंह मेहरा तथा संघ के सक्रिय सदस्य परमजीत सिंह ने भी सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित खिलाड़ियों की अंतिम सूची एसोसिएशन की ओर से आगामी दिनों में जारी की जाएगी।

### कबड्डी में छत्तीसगढ़ बालक सेमीफाइनल और बालिका क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**रायपुर।** हरियाणा पानीपत में चल रही 35 वी ओपन सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप मे छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने साईं को 4 अंको से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। बालकों ने छत्तीसगढ़ के लिए एक मैडल सुनिश्चित किया है। इसी तरह बालिका टीम ने प्री क्वाटर फाइनल मैच मे कर्नाटक को 4 अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया है। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि बॉयज़ वर्ग के खिलाड़ी नॉक आउट में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया टीम को रोमांचक मुकाबले मे 43-39 के मुकाबले 4 अंको से हराकर सेमीफाइनल मे पहुंचे। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने प्री क्वाटर फाइनल मे मुकाबला कर्नाटक के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ ने 34-30 के मुकाबले 4 अंको से हराकर क्वार्टर फाइनल मे पहुंची। खिलाड़ियों के अच्छा प्रदर्शन करने के लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवा राम साहू, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा एंव अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### अंतर परिक्षेत्र स्तरीय तैराकी में स्निग्धा और अनुष्का ने जीता गोल्ड



**रायपुर।** अंतर परिक्षेत्र स्तरीय तैराकी (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 27 नवंबर को स्वामी आत्मानंद कॉलेज की मेजबानी मे रेलवे तरणताल बिलासपुर में किया गया। इस संबंध में महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि, कालेज की स्निग्धा लाल ने 50 मीटर व 100 मीटर फ्री स्टाइल मे गोल्ड मेडल जीता। उसी प्रकार अनुष्का भगत ने 50 मीटर व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक मे गोल्ड मेडल जीतते हुए आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी तैराकी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। प्रताप निषाद 100 मीटर फ्री स्टाइल मे सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रहे। खिलाड़ियों के मेडल जीतने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, प्रिंसिपल डॉ. रितेश जैन, डॉ. संदीप गुप्ता, उपप्राचार्य अभिनव पाल, अभिषेक केशरवानी, उमेश पटनायक, डॉक्टर अंकुर श्रीवास्तव, आदिल डल्ला, डॉक्टर अर्जुन चौहान, शिवशंकर गुप्ता, मनीष सिन्हा, इंजमाम आदि ने बधाई दी है।

## स्वस्थ्य शरीर के लिए भरपूर नींद लेना जरूरी, परेशानी हो तो जरूर जाएं डाक्टर के पास

# नींद न आने की समस्या बढ़ा सकती है कई बीमारियों का खतरा, सुकून पाने करें ये उपाय

शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए अच्छी नींद लेना बहुत आवश्यक माना जाता है। ये मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखने के लिए जरूरी है। डॉक्टर बताते हैं, जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है। नींद न आने की समस्या के कई कारण हो सकते हैं। मानसिक तनाव या चिंताएं अक्सर दिमाग को इतना सक्रिय कर देती हैं कि व्यक्ति आराम से सो नहीं पाता। इसके अलावा चाय, कॉफी, सिगरेट और अन्य कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन करने वालों को भी नींद विकारों की दिक्कत हो सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारियां और मानसिक रोग के शिकार लोगों की भी नींद अक्सर बाधित रहती है।

नींद की समस्याओं के कारण

नींद न की समस्या (अनिद्रा) एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति को सोने में कठिनाई होती है या रात में अक्सर उसकी नींद टूट जाती है। नींद की कमी का असर दीर्घकालिक रूप से कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नींद की बढ़ती



समस्याओं के लिए मोबाइल या कंप्यूटर जैसे स्क्रीन्स का अधिक इस्तेमाल भी माना जा सकता है। इन उपकरणों से निकलने वाली ब्लू लाइट नींद के लिए आवश्यक मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को रोकती है। नींद में सुधार के लिए कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं।

### एक ही समय पर रोज सोने की बनाएं आदत

हर दिन एक ही समय पर सोने और जागने की आदत डालें। इससे शरीर का बायोलॉजिकल क्लॉक नियमित होता है, जिससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। इसके अलावा कमरे को नींद के अनुकूल बनाएं। कमरा शांत, अंधेरा वाला और ठंडा होना चाहिए। अनुकूल माहौल में अच्छी नींद मिलती है।

### स्क्रीन से बनाएं दूरी

सोने से 1-2 घंटे पहले स्मार्टफोन, कंप्यूटर, या टेलीविजन का इस्तेमाल न करें। इन उपकरणों की ब्लू लाइट मेलाटोनिन हार्मोन के स्तर को प्रभावित करती है, जिससे नींद आने में परेशानी होती है। मेलाटोनिन एक प्राकृतिक हार्मोन है जो नींद को नियंत्रित करता



है। अनिद्रा के शिकार लोग डॉक्टर से सलाह लेकर इसका सप्लीमेंट ले सकते हैं। अगर नींद की समस्या किसी मानसिक विकार जैसे अवसाद या एंग्जायटी के कारण है, तो इसके लिए मनोचिकित्सक से सलाह लें।

### नियमित व्यायाम जरूरी

नियमित शारीरिक व्यायाम नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायक है। व्यायाम करने से शरीर को थकावट महसूस होती है, जिससे सोने में आसानी होती है। ध्यान



रहे कि सोने से पहले व्यायाम न करें, क्योंकि यह शारीरिक उत्तेजना बढ़ा सकता है। ध्यान, गहरी सांस लेने की तकनीक और मांसपेशियों को आराम देने वाली एक्सरसाइज सोने से पहले करने से तनाव कम होता है और नींद में सुधार होता है।



# महिला क्रिकेटरों ने दिखाए जौहर

**भिलाई।** सेक्टर 7 स्थित क्रिकेट ग्राउंड में गृहणियों ने मिलकर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। जहां घरों से निकलकर महिलाओं ने क्रिकेट के बल्ले और बाल में अपने हाथ आजमाएं और आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

- सेक्टर-7 में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव एवं पद्मश्री फुलबासन यादव खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने पहुंचे। रानू मंडल ने सभी अतिथियों की अगवाई करते हुए कार्यक्रम संचालन किया और आखिर में बेस्ट बॉलर बेस्ट प्लेयर सहित मैन ऑफ द मैच रही खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। महिलाओं ने आयोजन की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है और महिलाओं के हौसलों को बुलंदी मिलती है।

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने आयोजन को सराहा और आगे भविष्य में ऐसे आयोजनों करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट की असीमित संभावना को देखते हुए महिला क्रिकेटर भी अब नए आयाम तय कर रही है। पूर्व क्रिकेटर एवं कोच गोकरन टंडन ने बताया, ₹ टीम में 15 खिलाड़ी थे, जिनमें से अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं। यहां दो सत्रों में अभ्यास जारी था जिसमें फिटनेस, बैटिंग, बोलिंग और फील्डिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। राज्य चैंपियनशिप जनवरी 2026 में रायपुर में आयोजित होनी है, और हम इस बार फाइनल तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रही हैं। कोच गोकरन टंडन ने कहा कि हाल ही में संपन्न जिला स्तरीय टूर्नामेंट में टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जो आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा। कोच अनिता वर्मा के नेतृत्व में टीम का अभ्यास सुबह 6 बजे से शुरू होता है, जिसमें योग और वार्म-अप सेशन शामिल हैं। दोपहर के सत्र में नेट प्रैक्टिस और मैच सिमुलेशन पर जोर दिया गया।

# ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चांदी की नथ क्यों है वर्जित

ज्योतिष शास्त्र में धातुओं से संबंधित आभूषण पहनने के महत्व बताया गया है। वहीं कुछ ऐसे आभूषण हैं, जिन्हें शरीर के विभिन्न अंगों में पहनने से शुभ परिणाम मिलते हैं। अब ऐसे में चांदी की नथ को नाक में पहनने की मनाही क्यों हैं। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोना को हमेशा शरीर के ऊपरी हिस्सा में पहनने की मान्यता है और शरीर के निचले भाग में चांदी पहनने की मान्यता है। आपको बता दें, शरीर का ऊपरी हिस्सा भगवान का हिस्सा माना जाता है। साथ ही सोना सूर्य और गुरु बृहस्पति ग्रह से शासित है।सोने का



ऊर्जा बेहद अधिक मात्रा में होता है और सोना शुभता का प्रतीक माना जाता है। सोने को पवित्र और देवी-देवताओं से जुड़ा माना जाता है। आपको बता दें, ज्योतिष में सोने को सूर्य से जोड़ा जाता है और सूर्य को आत्मविश्वास, ऊर्जा और नेतृत्व का कारक माना जाता है। इसे ऊपरी हिस्से में पहनकर सूर्य का सकारात्मक प्रभाव बढ़ाया जा सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में चांदी से संबंधित आभूषण शरीर के निचले हिस्से में पहनते की मान्यता है। चांदी का सतह शीतल होता है और यह शरीर में ठंडक पहुंचाती है। साथ ही चांदी में चंद्रमा का वास होता है। वहीं सोना में माता लक्ष्मी का वास है। इसलिए इसे शरीर के निचले हिस्से में पहनने से वह नाराज हो सकती हैं। वहीं सोलह श्रृंगार वर्णन में भी सोना को शरीर के ऊपर और चांदी को नीचे के भाग में पहनने का बारे में बताया गया है। इसलिए चांदी की नथ भूलकर भी नाक में नहीं पहनना चाहिए। इससे शुक्र की स्थिति कमजोर हो सकती है।



# तलवारबाजी के लिए जल्द मिलेंगे अत्याधुनिक उपकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन की 19 सामान्य सभा रविवार को क्वींस क्लब वीआईपी रोड में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई एवं सर्व सम्मति से सभी मुद्दों पर सदन ने अपनी सहमति दी।

सचिवीय उद्बोधन में बशीर अहमद खान से वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता में वर्ष 2024-25 की अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की और बशीर अहमद खान ने 2025-26 ने अनुमानित बजट प्रस्तुत किया।

### एसोसिएशन का होगा अपना फेंसिंग हॉल

- प्रकाश अध्यक्ष, अखिलेश कोषाध्यक्ष और समीर महासचिव निर्वाचित

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एस प्रकाश ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी में चयनित सदस्य फेंसिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ को एक नया आयाम देने संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पहली प्राथमिकता छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग के लिए स्वयं के फेंसिंग हॉल का निर्माण एवं खिलाड़ियों के लिए अति अत्याधुनिक उपकरण एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराना और वर्ष 2026-27 में अंतरराष्ट्रीय कैडेट प्रतियोगिता का आयोजन कराना है।

### खोलेंगे 5 संभाग स्तरीय फेंसिंग खेल सेंटर

कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में



5 संभाग स्तरीय फेंसिंग खेल सेंटर खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया। जिससे प्रदेश के हर जिले में फेंसिंग टैलेंट की खोज कर उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिये प्रशिक्षित किया जा सके। चेयरमैन रामदास अग्रवाल ने कहा की फेंसिंग खेल के लिए में हमेशा हर प्रकार से सहयोग करूँगा।

### चुने गए पदाधिकारी

फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया से चुनाव प्रवेक्षक अशोक दुधारे, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन से अकरम खान खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रवेश जोशी की उपस्थिति में 2025-2029 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस प्रकाश (आईएएस), चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ,बशीर अहमद खान, कमल रूपरेला, आरती सिंह, सह उपाध्यक्ष कमल कुमार एवं तारकेश मिश्रा, महासचिव समीर ख़ान, सह सचिव राम प्रताप गुप्ता, निखिल कुमार जाँभुलकर, मोहनीश वर्मा, वरुण पांडेय, संतोष साहू, कोषाध्यक्ष अखिलेश दुबे, कार्यकारिणी सदस्य रमन कुमार साहनी,उमेश सिंह, जुबेर महमूद, आसिम रुम्मन ख़ान तथा छत्तीसगढ़ के एन आई एस कोच वीर हनुमान सिंह अवार्डी वी जॉन्सन सोलोमन और एनआईएस कोच प्रवीण कुमार शामिल थे। कार्यकारिणी चुनाव को संपन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ रमेश कुमार श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष सीजीओए), सहायक चुनाव अधिकारी रामजस पाल (कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ रोइंग संघ) थे।



कार्नर न्यूज

## इस्पात नगरी भिलाई में क्रिकेट का रोमांच जारी

# प्लेट कंबाइंड और क्रिकेट फाउंडेशन की शानदार जीत

इस्पात नगरी भिलाई में दो अलग-अलग मैदानों में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिताओं में रविवार को दर्शकों ने रोमांचकारी मैच का आनंद लिया। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्लेट कंबाइंड ने 115 रन से जीत लिया वहीं गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एमसीए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने एक विकेट से जीत हासिल की।

प्लेट कंबाइंड की 115 रन से जीत

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच प्लेट कंबाइंड ने 115 रन से जीत लिया। रविवार को हुए मैच में बल्लेबाजी में रायपुर टीम दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर बिना कोई विकेट हुए 35 रन से आगे खेलते हुए 164 रन पर आउट हो गई। कैप्टन अनमोल राज सिंह ने 43 रन, समर्थ चांडक ने 24 रन और संस्कार दास ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी



में प्लेट कंबाइंड के कुमार कृतार्थ द्विवेदी ने चार विकेट, मोहम्मद असद ने तीन विकेट, स्वास्तिक केसरी, आतिफ असलम खान एवं पीयूष जैन ने एक-एक विकेट लिए।

इस अंडर-14 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्लेट कंबाइंड के कप्तान अमन कुमार 284 रन बनाकर पहले स्थान पर रहे। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के कुमार कृतार्थ द्विवेदी सर्वाधिक 34 विकेट लेकर प्रथम स्थान पर रहे। मैच के अंपायर अभिनव शर्मा एवं ऋषभ सोनी तथा स्कोरर महेश दत्त मिश्रा रहे। विजेता टीम के कोच ओपी यादव एवं फिजिकल ट्रेनर सौरभ यदु थे। उपविजेता टीम रायपुर के कोच मोहम्मद सीन हसन एवं फिजिकल ट्रेनर जसप्रीत सिंह हंसपाल थे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव अजय तिवारी थे। जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। संचालन विनोद देवघरे ने किया। इस अवसर पर मैच के ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिदाना, चयनकर्ता अमरजीत सिंह कलसी, रोहित ध्रुव, अभिषेक ताम्रकार और पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे।

### क्रिकेट फाउंडेशन की एक विकेट से जीत



गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एमसीए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को रोमांचक मुकाबले हुए। टीम स्टील सिटी भिलाई विरुद्ध क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के मैच में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने एक विकेट से जीत हासिल की। कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 के मैदान में बल्लेबाजी करते हुए स्टील सिटी भिलाई 204 रन पर आउट हो गई। कैप्टन आबिद बेग ने 77 रन बनाए। आयुष कुमार ने 22 रन और रुद्रनारायण ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के सम्यक वर्मा एवं एम आलम ने तीन-तीन विकेट लिए। मयंक मालानी ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने 9 विकेट पर 205 रन बनाए। यशराज ने 64 रन, एम आलम ने 31 रन, चंद्रभूषण ने 29 रन और सचिन कुमार ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में स्टील सिटी के सार्थक बाजपेई एवं निशान जीत ने तीन-तीन विकेट लिए। शेखर सिंह ने दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच एम आलम को जितेंद्र देसाई के हाथों पुरस्कृत किया गया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रिटिश रैपर पर देसी रंग, सेंट्रल सी की टी-शर्ट ने खींचा फैंस का ध्यान



इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। ब्रिटिश रैपर ने मुंबई कॉन्सर्ट में अपने गानों से गजब का समा बांध दिया। फैंस उनके गानों पर थिरकते नजर आए। लेकिन सोशल मीडिया पर उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट से ज्यादा चर्चा, उनकी टी-शर्ट की है। इस टी-शर्ट को देखकर इंडियन फैंस काफी खुश हैं। ऐसा क्या था, सेंट्रल सी की टी-शर्ट में? और यूजर्स ने क्या रिएक्शन दिए हैं? ब्रिटिश रैपर के कुछ वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है। एक यूजर ने लिखा, 'सेंट्रूरल सी ने महादेव वाली टी-शर्ट पहनी है, यह देसी फैंस की जीत है।' एक अन्य यूजर ने 'ओम नम शिवायः' कमेंट सेक्शन में लिखा। कई यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर के एफर्ट को पसंद किया और उनके लिए कमेंट सेक्शन में जमकर हार्ट इमोजी शेयर किए। सेंट्रल सी का असल नाम ओकले नील सीजन-सु है। 27 साल की उम्र में वह ब्रिटिश म्यूजिक इंडस्ट्री का उभरता हुआ नाम बन चुके हैं। साल 2020 में 'डे इन द लाइफ' नाम के गाने से वह काफी मशहूर हुए। पिछले कुछ साल में उनके गाने यूके एल्बम चार्ट में टॉप पर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## आईएफएफआई में रजनीकांत को मिला सम्मान बोले- अभिनय करियर 15 साल जैसा लगा



56वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के समापन समारोह में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही अभिनेता को सिनेमा में 50 साल पूरे करने के लिए सम्मानित किया गया। आज शुक्रवार को गोवा में आयोजित हो रहे आईएफएफआई 2025 समारोह का आखिरी दिन है। इस दिन कई दिग्गज सितारे शिरकत कर रहे हैं। इसी कड़ी में साउथ अभिनेता रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' की स्क्रीनिंग की गई, जिसे एक्टर की बेटी ऐश्वर्या ने निर्देशित किया है। इसके अलावा रजनीकांत को सिनेमा में 50 साल के अद्भुत योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर अभिनेता ने भावुक भाषण दिया।

रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म 'लाल सलाम' की आईएफएफआई 2025 में स्क्रीनिंग हुई। इस दौरान दोनों पिता-पुत्री शामिल रहे। इस फिल्म को देखने के बाद दर्शकों ने इसकी सरहाना की। ऐश्वर्या रजनीकांत ने स्क्रीनिंग के बाद अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, 'वह पल अभी भी मेरे जेहन में ताजा है। इस अनुभव के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मुझे लगता है कि यह इस फिल्म के लिए एक वरदान है।' में ब्लू कलर की हाफ शर्ट और काले पैंट पहनकर पहुंचे। वायरल वीडियो में अभिनेता मुस्कुराते हुए और हाथ जोड़कर भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते दिख रहे हैं। जबकि उनकी बेटी ऐश्वर्या भी अपने पिता के साथ-साथ चल रही हैं। दोनों की एक झलक पाने के लिए दर्शक बेताब हैं। रजनीकांत को 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह के दौरान फिल्म उद्योग में पांच दशकों के योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### छॉलीवुड

## सिंगर नितिन और शर्मिला का नया गीत 'बने बने तो' रिलिज़ होते ही वायरल



छत्तीसगढ़ फ़ल्मि एवं संगीत जगत के सर्वाधिक सब्सक्राइबर और व्यूवरशिप वा ले गायक,संगीतकार और अभिनेता नितिन दुबे और अभिनेत्री शर्मिला विश्वास का एलबम ₹बने बने तोर₹ रिलीज होते ही वायरल हो गया है। रिलिज़ के साथ ही यह गाना सबकी ज़ुबाँ पर चढ़ गया है और यूट्यूब के साथ साथ सभी सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। इस गीत में नितिन और शर्मिला ने गायन के साथ साथ एक्टिंग भी की है। नितिन दुबे के संगीत से सजे इस गीत को लिखा है बुधराज चौहान ने और इस गीत के निर्देशक हैं राम यादव एवं इसके डीओपी हैं अभिजीत भारती। नितिन दुबे अक्सर अपने गीतों का टाइटल एकदम अलग और सबकी ज़ुबाँ पर चढ़ने वाला बनाते हैं,जैसे हाय रे मोर मुनगाकाड़ी, गोंदा तोला रे,रायगढ़ वाला राजा,हाय रे मोर नीलपरी,गुलमोहर,मंदाकिनी,हाय मोर चाँदनी, दिल दे दे दुरूगवाली,तोर बारात जैसे सैकड़ो सुपरहिट गीत उनके नाम पर दर्ज हैं। इसी क्रम में उनका नया गीत ₹बने बने तोर₹ एक अलग तरह का गीत है जिसे अक्सर छत्तीसगढ़ में सभी हाल चाल पूछने और बताने के लिए उपयोग करते हैं और नितिन दुबे ने इस पर ही नया गीत बना दिया ₹बने बने तोर₹ जिसे दर्शक और श्रोता बहुत पसंद कर रहे हैं। शर्मिला ने बहुत ही कम समय मे छत्तीसगढ़ संगीत जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है उन्होंने न सिर्फ बतौर गायिक बल्कि एक अभिनेत्री के रुप में भी कई सुपरहिट गीत दिए है।

### बदलता स्ट्रीटवियर




अटलांटा में जन्मी फैशन डिज़ाइनर एश्ले सिरियाको और द प्लाया सोसाइटी की क्रिएटिव डायरेक्टर एस्थर वॉलेस चाहती हैं कि स्ट्रीटवियर और ज़्यादा सबको साथ लेकर चलने वाला बने। सिरियाको ने एक्सियोस का मानना है कि स्ट्रीटवियर और ज़्यादा फेमिनिन होना चाहिए। इसके लिए हमेशा सिर्फ़ बैगी कपड़े और हुडी पहनना ज़रूरी नहीं है। लिहाजा, बदलाव न्यूयार्क की सड़कों पर दिखाई दे रहा है।

## खूबसूरत लुक के लिए चेहरे के आकार के हिसाब से करें अपनी बिंदी का चयन



जब कोई महिला बिंदी लगाती है तो उनकी खूबसूरती और ज्यादा बढ़ जाती है। ज्यादातर महिलाएं गोल बिंदी ही लगा लेती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि बिंदी हमेशा चेहरे के आकार के हिसाब से ही लगानी चाहिए।

अगर आपका चेहरे का आकार गोल है तो हमेशा गोल शेप वाली बिंदी का ही चयन करें। गोल चेहरा थोड़ा सा चबी होता है, ऐसे में अगर आप लंबी बिंदी लगाएंगी तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। चौकोर आकार चेहरे पर माथा, गाल की हड्डियां, साथ ही जबड़े की रेखा समान चौड़ाई की होती है। अगर आपका चेहरा चौकोर है तो आपके फेस पर गोल और वी आकार की बिंदी बेहद प्यारी लगेगी।

अगर आपका चेहरा अंडाकार या ओवल है तो बिंदी लगाने में आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं हैं। अंडाकार चेहरे पर आप कोई भी बिंदी लगा सकती हैं। बस बेहतर होगा कि आप लंबी बिंदी लगाने से बचें।

अगर आपके चेहरे का आकार त्रिकोणाकार है तो आप लंबी या गोल कैसी भी बिंदी लगा सकती हैं। त्रिकोणाकार चेहरा वाली महिलाओं को बस अपने आउटफिट को ध्यान में रखकर बिंदी का चयन करना चाहिए।

## चाहती हैं रॉयल लुक तो स्टाइल करें वेलवेट सूट



न्यू फैशन ट्रेंड के अनुसार, इन दिनों वेलवेट सूट काफी ट्रेंड में है और यह सूट रॉयल और स्टाइलिश लू पाने के लिए बेस्ट है साथ ही इस आउटफिट में आप कंफर्टेबल भी रहती हैं । विंटर सीजन में होने वाली शादी के दौरान अक्सर महिलाएं इस बात को लेकर परेशान रहती हैं कि वो किस तरह का आउटफिट वियर करें। महिलाएं चाहती हैं कि इस मौके पर वो स्टाइलिश नजर आए साथ ही ठंड से बचा जा सका। वहीं अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं ठंड की वजह से आपका फैशन खराब न हो तो आप ये वेलवेट सूट स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले वेलवेट सूट दिखा रहे हैं जो आप विंटर सीजन में हो रही शादी में शामिल होने के दौरान वियर कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट में आपका लुक रॉयल भी नजर आएगा।



### थ्रेड वर्क वेलवेट सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के थ्रेड वर्क वेलवेट सूट का चुनाव कर सकती हैं और ये विंटर सीजन में होने वाली शादी में रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस सूट में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही वी नेक डिजाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको कई सारे कलर और नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे जिन्हें आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस थ्रेड वर्क वेलवेट सूट के साथ आप फुटवियर में मोजरी साथ ही ज्वेलरी में आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वेलवेट सूट

यह एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला वेलवेट सूट भी आप विंटर सीजन में स्टाइल कर सकती हैं जो कि स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। एम्ब्रॉयडरी वाला ये वेलवेट सूट आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएगा जिसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं। ये सूट आपको 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर और बालों का बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह के फ्लोरल पैटर्न वाले एंब्रॉयडरी सूट का भी चुनाव आर सकती हैं ।

## चेहरे से हटेंगे धब्बे, बदलेगी रंगत और बुढ़ापे की होगी छुट्टी



इस बात से हर कोई वाकिफ़ है कि स्किन केयरिंग टिप्स की जरूरत सिर्फ महिलाओं को नहीं पड़ती बल्कि पुरुषों को भी पड़ती है, यह बात अलग है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुष स्किन केयर रुटीन पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पाते हैं लेकिन वे इस बात से अंजान होते हैं कि शरीर के बाकी अंगों की तरह त्वचा की भी देखभाल काफी ज़रूरी है।

ऐसे में ये स्किन केयर टिप्स आपके काफी काम आते हैं जो बेजान त्वचा को जान देते हैं और रूखी त्वचा को नमी देते हैं। इन प्रोडक्ट का रेगुलर इस्तेमाल किया जाए तो ग्लोइंग और स्मूथ स्किन मिलती है साथ ही एजिंग साइन भी दिखना बंद हो जाते हैं। इन स्किन केयर प्रोडक्ट्स से त्वचा की रंगत में भी निखार आता है। इससे बेजान त्वचा को जान मिलती है त्वचा को किसी भी तरीके का नुकसान नहीं पहुंचाता है स्किन केयर टिप्स में शामिल मॉइस्चराइजर से झुर्रियां कम होती है और त्वचा को फर्म मिलता है। हाइपरपिग्मेंटेशन को रोकने में भी मदद मिलती है संवेदनशील और रूखी त्वचा पर यह स्किन केयर प्रोडक्ट काफी असरदार है। स्किन केयर प्रोडक्ट में शामिल इस प्रोडक्ट से मॉइश्चराइजिंग और हाइपोएलर्जेनिक स्किन मिलती है। 50 एसपीएफ सनस्क्रीन से काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलते हैं। इससे रातों-रात थकी हुई त्वचा को नरम बनती है काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलते हैं

## इन टिप्स से करें अपने लुक को स्टाइल

स्टाइलिश दिखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो करना बेहद पसंद करते हैं। वहीं बदलते दौर में कई बार अपने लुक को स्टाइल करना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। इन दिनों मौका शादियों का है। इस मौके पर अपने लुक को खास बनाने के लिए आपको कई बातों का खास ख्याल रखना जरूरी होता है।

### बालों को स्टाइलिश देने के लिए क्या करें?

शादियों के मौके पर एथनिक वियर पहना जाता है और इसके साथ अक्सर हेयर स्टाइल भी वैसा ही बनाया जाता है। वहीं अगर आप ओपन हेयर स्टाइल बना रही हैं तो बालों में बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको फ्रंट में ब्रेड बनानी होगी और फिर इसमें बीड्स का इस्तेमाल करना होगा। अगर आप बन हेयर स्टाइल बना रही हैं तो हेयर एक्सेसरीज के लिए आप ज्वेलरी स्टाइल डिजाइन को चुनें। अब इसके लिए आपको एक्स्ट्रा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आप अपने किसी इयररिंग्स की मदद से ही इसे सजा सकती हैं। ऐसे ही आप चाहे तो छोटे साइज के स्टड्स इयररिंग्स को भी बालों में लगा सकती हैं।



### शादियों के लुक को खास बनाने चेहरे पर कैसे बनाएं डॉट?

आपने देखा होगा कि शादियों में लोग बंजारा लुक को स्टाइल करना काफी पसंद करते है। इसके लिए कलियों वाले हैवी लहंगे के साथ चोली को स्टाइल किया जाता है। वहीं चेहरे को आकर्षक लुक देने के लिए आप ब्लैक कलर की डॉट जरूर बना लें। इसके लिए आपको केवल 2 चीजों की आवश्यकता रहेगी। चेहरे पर डॉट बनाने के लिए आप बॉबी पिंस की टिप्स पर आई लाइनर लगाएं और चेहरे पर बना लें।

### कार्नर न्यूज

#### हर साल बदल जाते हैं फैशन ट्रेंड, आपको जानना जरूरी

## शादियों के मौसम में पहनावा चुनना मुश्किल हो रहा तो पहले फैशन ट्रेंड जान लीजिए

दीवाली के बाद अब शादियों का मौसम है। ऐसे खास मौके पर पहनने के लिए आपको कुछ खास कपड़े चुनने चाहिए। इन शादियों के साथ बहुत से त्यौहार भी आते रहते हैं। ऐसे खास मौकों पर आपको क्या पहनना है, यह चुनना मुश्किल नहीं होना चाहिए।

### जानिए क्या है फैशन ट्रेंड

पुरुष और महिलाएं दोनों ही खास मौके पर नए कपड़े शौक से पहनते हैं। ऐसे में आपको मौजूदा समय में ट्रेंड कर रहे फैशन के बारे में जरूर जानना चाहिए। आप इसे अपनाकर त्यौहार और शादियों के खास मौके को और भी यादगार बना सकते हैं। पुरुष-महिलाओं के अलावा बच्चे और बुजुर्ग भी मौके को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं।

### पुरुषों के लिए नेहरू जैकेट

त्यौहार और पार्टियों में नेहरू जैकेट किसी भी पुरुष के लुक को सहजता से निखार देता है। चाहे कुर्ता, लॉन्ग या शॉर्ट या फिर कैजुअल शर्ट के साथ पहना जाए, नेहरू जैकेट स्टाइल में तड़का लगाने का काम करता है। जो लोग कार्ड पार्टियों और समारोहों के लिए हल्के लेकिन फैशनेबल कपड़े पहनना पसंद करते हैं, उनके लिए शॉर्ट कुर्ते सबसे बढ़िया विकल्प हैं।



### कुर्ते को जींस, ट्राउजर या धोती के साथ पहन सकते हैं

इसके अलावा जांघ या कूल्हे के बीच तक की लंबाई वाले कुर्ते जींस, ट्राउजर या धोती के साथ आसानी से पहने जा सकते हैं। बॉटम वियर का चयन आउटफिट को निखारता है, जो बेहद कैजुअल से लेकर खास एथनिक तक हो सकता है। इसके अलावा पुरुषों के पास चिकनकारी कुर्तों का भी आप्शन भी मौजूद है।

### कुर्ते के साथ मौजूद हैं कई आप्शन

आज के बाजार में मौजूद आप्शन से आपके कुर्ते के साथ क्या जोड़ा जाये, इसका जवाब भी है। आप कुर्ते के साथ सलवार, जोधपुरी पैंट, पलाज़ो-स्टाइल पैंट या हमेशा खूबसूरत चूड़ीदार पहन सकते हैं।

सोशल मीडिया पर पुरुषों के फैशन रील्स और ट्रेंडिंग वीडियो की भरमार है, ऐसे में त्यौहार और पार्टियों में आप अपनी सहूलियत के हिसाब से कपड़ों का चयन कर सकते हैं।

### महिलाओं के लिए हैं ये आप्शन

महिलाओं की बात करें तो त्यौहार और पार्टियों के मौके पर साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज़ पहनना या लहंगे के साथ क्रॉप टॉप पहनना, क्लासिक लुक को आकर्षक बनाती है। चांदी और सोने के आभूषण दोनों ही महिलाओं के आउटफिट को निखारने के लिए तैयार हैं, जिसमें मांगटीका और झुमके से लेकर हार, चूड़ियाँ और अंगूठियों तक के विकल्प शामिल हैं।

